दैनिक केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 171 | सीकर, शुक्रवार 21 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# 4.35 लाख मतदाता चुनेंगे शहरों की सरकार

## झुंझुनूं की 19 नगर निकायों में दो चरणों में मतदान

### 9 सितंबर को 10 और 11 सितंबर को 9 निकायों में पड़ेंगे वोट




अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** जिले में नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। 19 नगर निकायों के 555 वार्डों में 4 लाख 35 हजार 513 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव दो चरणों में होंगे। 9 सितंबर को 10 नगर निकायों और 11 सितंबर को 9 नगर निकायों में मतदान होगा। इसके साथ ही शहरों की सरकार चुनने के लिए राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की तैयारियां तेज हो गई हैं। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के आंकड़े बताते हैं कि जिले के नगरीय निकाय चुनाव में पुरुष मतदाता महिलाओं से करीब 19 हजार 874 ज्यादा हैं। ऐसे में निकाय चुनाव के परिणाम में पुरुष मतदाताओं की भूमिका अहम रहेगी। कुल मतदाताओं में 2 लाख 27 हजार 689 पुरुष हैं, वहीं 2 लाख 7 हजार 815 महिलाएं और 9 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए जिले में 594 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से झुंझुनूं नगर निकाय सबसे बड़ा है। यहां कुल 92,676 मतदाता हैं। इनमें 48,114 पुरुष, 44,559 महिला और 3 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इसके बाद नवलगढ़ में 50,207 और चिड़ावा में 46,049 मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या में जाखल सबसे छोटा निकाय है। यहां कुल 6,854 मतदाता हैं। इनमें 3,499 पुरुष और 3,355 महिला मतदाता हैं। बुहाना में 7,993 और विद्या विहार में 8,254 मतदाता हैं। जिले के 19 नगरीय निकायों में कुल 555 वार्ड हैं। इन वार्डों के लिए 594 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। मतदाता सूची में कुल 595 पार्ट दर्ज हैं। दो चरणों में होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

#### 19 निकायों में 9 थर्ड जेंडर मतदाता

नगर निकाय चुनाव की मतदाता सूची में 9 थर्ड जेंडर मतदाता भी दर्ज हैं। इनमें झुंझुनूं में 3, नवलगढ़ में 3, बिसाऊ में 2 और उदयपुरवाटी में 1 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है। चुनाव में इनकी संख्या भले ही कम हो, लेकिन मतदाता सूची में उनकी भागीदारी लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### निकायवार आंकड़े

| निकाय | वार्ड | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुलमतदाता |
|---|---|---|---|---|---|
| बुहाना | 20 | 4,197 | 3,796 | 0 | 7,993 |
| चिड़ावा | 45 | 24,033 | 22,016 | 0 | 46,049 |
| डूंडलोद | 20 | 5,280 | 4,771 | 0 | 10,051 |
| जाखल | 20 | 3,499 | 3,355 | 0 | 6,854 |
| झुंझुनूं | 60 | 48,114 | 44,559 | 3 | 92,676 |
| खेतड़ी | 25 | 8,785 | 7,847 | 0 | 16,632 |
| मलसीसर | 20 | 6,119 | 5,607 | 0 | 11,726 |
| मंडरेला | 25 | 6,273 | 5,346 | 0 | 11,619 |
| सिंघाना | 35 | 10,805 | 9,574 | 0 | 20,379 |
| सुलताना | 25 | 7,149 | 6,067 | 0 | 13,216 |
| उदयपुरवाटी | 35 | 16,608 | 15,057 | 1 | 31,666 |
| बगड़ | 20 | 6,172 | 5,707 | 0 | 11,879 |
| बिसाऊ | 25 | 10,138 | 9,262 | 2 | 19,402 |
| मंडावा | 25 | 9,940 | 9,046 | 0 | 18,986 |
| मुकुंदगढ़ | 25 | 8,637 | 7,914 | 0 | 16,551 |
| नवलगढ़ | 45 | 26,365 | 23,839 | 3 | 50,207 |
| पिलानी | 35 | 12,413 | 11,621 | 0 | 24,034 |
| विद्या विहार | 25 | 4,193 | 4,061 | 0 | 8,254 |
| सूरजगढ़ | 25 | 8,969 | 8,370 | 0 | 17,339 |
| कुल | 555 | 2,27,689 | 2,07,815 | 9 | 4,35,513 |

## चुनावी पोस्टर-पम्फलेट पर प्रिंटर-प्रकाशक का नाम जरूरी, नियम तोड़ा तो होगी कार्रवाई

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने चुनावी पोस्टर और पम्पलेट छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। बिना मुद्रक और प्रकाशक का नाम–पता लिखे चुनावी सामग्री छापने पर कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि किसी भी चुनावी पोस्टर, पम्पलेट या प्रचार सामग्री पर प्रिंटर और प्रकाशक का नाम व पता लिखना जरूरी है। किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसके नाम से चुनावी सामग्री भी नहीं छापी जा सकेगी। चुनावी सामग्री छापने से पहले प्रकाशक की पहचान के संबंध में दो लोगों की घोषणा लेना जरूरी होगा। छपाई के बाद घोषणा की प्रति और सामग्री की प्रतियां जिला मजिस्ट्रेट को देनी होंगी।

#### चार प्रतियां और खर्च का ब्योरा देना होगा

प्रिंटिंग प्रेस संचालक को छापी गई सामग्री की चार प्रतियां, कितनी प्रतियां छापीं और प्रकाशक से कितना पैसा लिया, इसकी जानकारी भी देनी होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127–क के तहत कार्रवाई होगी। इसमें जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। जिला प्रशासन ने सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को इन नियमों की जानकारी देने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

## एक हजार की रिश्वत लेते नर्सिंग ऑफिसर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार को भरतपुर के हलैना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्रवाई करते हुए नर्सिंग ऑफिसर ग्रेड–2 मुरारीलाल मीना को 1 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह अनुसार परिवादी ने शिकायत दी थी कि मुरारीलाल बेरोजगारी भत्ते के लिए उसकी उपस्थिति दर्ज करने और उसे ऑनलाइन करने की एवज में 500 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से चार माह के 2 हजार रुपए मांग कर परेशान कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी ने 1 हजार 500 रुपए लेने पर सहमति जताई और 500 रुपए रिश्वत के रूप में प्राप्त किए। मांग की पुष्टि होने के बाद एसीबी चौकी भरतपुर ने ट्रैप कार्रवाई की और परिवादी से शेष 1 हजार रुपए लेते ही एसीबी टीम ने मुरारीलाल मीना को रंगे हाथों पकड़ लिया।

## भागवत कथा में ध्रुव चरित्र व कपिल देवहूति संवाद का किया वर्णन

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा ग्राम पंचायत की शिव कॉलोनी के थर्ड सेक्टर स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन गुरूवार को बलराम सैनी एवं कमला देवी की मुख्य यजमानी में सृष्टि की रचना, भगवान वराह अवतार, कपिल देवहूति संवाद तथा भक्त ध्रुव के चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। चित्रकूट से आए कथा वाचक पुष्पेंद्र शर्मा ने भागवत के विभिन्न प्रसंगों का रसपान करवाते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने दृढ़ संकल्प और अटूट भक्ति के बल पर भगवान को प्रसन्न किया। ध्रुव की भक्ति से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं होना चाहिए। कपिल देवहूति संवाद के प्रसंग में उन्होंने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति के साथ सद्कर्म और अच्छे विचार मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि मनु शतरूपा से हमारी सृष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि हम सभी को मनुष्य इसलिए कहा जाता है कि हम सभी मनु महाराज की संतान हैं। इसलिए हम सभी को मनुष्य कहा जाता है। कथा के दौरान शिव भगवान एवं पार्वती विवाह की जिवंत झांकी सजाई गई।



## निष्पक्ष चुनाव की तैयारी : हरियाणा सीमा पर निगरानी, आचार संहिता में नए कामों पर रोक

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि सभी प्रत्याशियों को समान अवसर दिए जाएंगे। पुलिस ने भी कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। हरियाणा सीमा पर विशेष चेकिंग की जा रही है। आचार संहिता लागू होने के बाद नई योजनाओं की घोषणा, नए कार्यादेश जारी करने और नए विकास कार्य शुरू करने पर रोक रहेगी। पहले से स्वीकृत और चल रहे काम जारी रह सकेंगे। रैली, जुलूस और सभा के लिए एसडीएम से अनुमति लेना जरूरी होगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक रहेगी।

#### हरियाणा सीमा पर कड़ी निगरानी

एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि हरियाणा से लगती सीमा पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में वाहनों की जांच और नाकेबंदी की जा रही है। चुनाव को प्रभावित करने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है और जरूरत के अनुसार निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।




#### प्रत्याशियों के खर्च की भी निगरानी

चुनाव में खर्च की सीमा तय की गई है। नगर परिषद सदस्य प्रत्याशी अधिकतम 2.50 लाख रुपए और नगरपालिका सदस्य प्रत्याशी 1.50 लाख रुपए तक खर्च कर सकेंगे। प्रशासन चुनाव प्रचार के दौरान होने वाले खर्च पर भी नजर रखेगा।

#### मतदाताओं की मदद के लिए हेल्प डेस्क

चुनाव संबंधी जानकारी के लिए सभी उपखंड कार्यालयों में हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। बीएलओ के पास भी मतदाता सूचियां उपलब्ध रहेंगी। मतदान केंद्रों पर पेयजल, छाया, रोशनी और जनरेटर की व्यवस्था की जाएगी। दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशासन ने साफ किया है कि चुनाव प्रक्रिया में किसी तरह की गड़बड़ी या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बैंक के खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्रवाई के लिए रिश्वत लेते एसआई गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार को कोटपूतली थाने में कार्रवाई करते हुए पुलिस उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह को परिवादी से 3 हजार 500 रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी एसआई बैंक के खिलाफ दर्ज मुकदमे में आगे की कार्रवाई करने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। एसीबी उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ रामेश्वर सिंह के अनुसार परिवादी ने बैंक के खिलाफ न्यायालय के माध्यम से कोटपूतली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की जांच उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह कर रहे थे। आरोप है कि मुकदमे में आगे की कार्रवाई करने के बदले उन्होंने परिवादी से 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायत के सत्यापन के दौरान 19 अगस्त को आरोपी द्वारा 5 हजार रुपए मांगने की पुष्टि हुई। इस सत्यापन के दौरान उसने परिवादी से 1 हजार 500 रुपए रिश्वत ले ली और शेष 3 हजार 500 रुपए बाद में देना तय हुआ। मांग की पुष्टि के बाद के एसीबी चौकी अलवर प्रथम के प्रभारी उप अधीक्षक शब्बीर खान के नेतृत्व में गुरुवार को ट्रैप कार्रवाई की कार्रवाई करते हुए 3 हजार 500 रुपए लेते एसआई राजेन्द्र सिंह को पकड़ा।

## गांजा रखने के आरोपी को एक साल की सजा, 10 हजार रुपए जुर्माना

संजय सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** गांजा रखने के मामले में विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस प्रकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सुनील कुमार पंचोली ने आरोपी विमलेश कुमार निवासी नाहरसिंघानी, मुकुंदगढ़ को एक साल के कठोर कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना जमा नहीं कराने पर आरोपी को एक माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार 13 अगस्त 2023 की शाम मुकुंदगढ़ पुलिस गश्त पर थी। मंडी से कॉलेज जाने वाली सड़क पर एक दुकान के सामने खेजड़ी के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति थैला लेकर खड़ा था। पुलिस को देखकर वह भागने की कोशिश करने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की। उसने अपना नाम विमलेश कुमार बताया। पुलिस ने उसके थैले की तलाशी ली तो उसमें पॉलिथीन में सूखी पत्तीनुमा सामग्री मिली। जांच में यह गांजा निकला। गांजा रखने के संबंध में उसके पास कोई लाइसेंस या अनुमति नहीं थी। गांजे का वजन 1 किलो 300 ग्राम पाया गया। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। राज्य सरकार की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक रामावतार ढाका ने 13 गवाहों के बयान करवाए और 64 दस्तावेज पेश किए। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए आरोपी को कड़ी सजा देने की पैरवी की। न्यायालय ने मामले में पेश साक्ष्यों का विश्लेषण करने के बाद आरोपी को एक साल के कठोर कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। आरोपी ने पुलिस और न्यायिक अभिरक्षा में जो अवधि पहले ही बिताई है, उसे सजा की अवधि में समायोजित करने का आदेश भी दिया गया।


## भील प्रदेश की फिर गूंजी मांग : बीएपी विधायकों ने विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन

निसं




जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले दिन गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भील प्रदेश की मांग एक बार फिर जोर पकड़ गई। भारत आदिवासी पार्टी के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन कर मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की मांग उठाई। विधायकों ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। बीएपी के विधायक परंपरागत आदिवासी वेशभूषा में विधानसभा पहुंचे और सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान धरियावद विधायक थावरचंद डामोर ने कहा कि मानगढ़ धाम आदिवासियों का शहादत स्थल है और इसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया जाना चाहिए। यह मांग पहले भी उठाई जाती रही है और जब तक मांग पूरी नहीं होती, पार्टी इसे लगातार उठाती रहेगी। डामोर ने कहा कि मानगढ़ की पहाड़ी कोई सामान्य स्थल नहीं, बल्कि आदिवासियों के बलिदान की भूमि है। उनके अनुसार मानगढ़ में 1500 से अधिक आदिवासी शहीद हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासियों के बलिदान की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मानगढ़ धाम आते हैं, लेकिन इसके बावजूद राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने के मामले में आगे कदम नहीं बढ़ाया गया।

### नवयत्न कोबरी पोस्ट



## परंपरा नामक सांगीतिक आयोजन कल

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के गांव बडावर के प्रसिद्ध कथक नृत्याचार्य पंडित सुंदरलाल गंगानी की स्मृति में उनके दौहित्र तबला वादक व कथक गुरु कौशल लाल के द्वारा दिल्ली के चिन्मया मिशन ऑडिटोरियम में 22 अगस्त शनिवार शाम को परंपरा नामक सांगीतिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के दिग्गज कलाकारों द्वारा कथक नृत्य सहित गायन व वादन की अभिनव प्रस्तुतियां दी जाएगी। द यंग्स कल्ब ऑफसुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि इस सांगीतिक अनुष्ठान में सोनल कपूर सिन्हा व अस्मिता मोर द्वारा कथक नृत्य की युगल प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। अगली प्रस्तुति में मुंबई की प्रख्यात हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका (विदुषी) गौरी पठारे शास्त्रीय व सुगम संगीत की स्वर लहरियां गुंजायमान करेगी। इसी कड़ी में तीन प्रख्यात तबलावादक मिशिका चौधरी, लक्ष्य मेहरा व शिवराज भूषण द्वारा एक साथ तबला वादन प्रस्तुत किया जायेगा। इस मनभावन आयोजन का समापन अंतर्राष्ट्रीय ख्यातनाम कथक गुरु पंडित जगदीश गंगानी की शिष्या वडोदरा की डॉ प्रीति साठे दामले के एकल कथक नृत्य की प्रस्तुति से होगा । आयोजन के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव अभिषेक दत्त सहित बतौर विशिष्ट अतिथि भरत नाट्यम नृत्यांगना पद्मश्री प्रतिभा प्रहलाद, कथक कलाकार मंजुश्री चटर्जी, डी ए वी कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव अजय सहगल होंगे। कार्यक्रम का संचालन दूरदर्शन की पूर्व एंकर साधनाश्री वास्तव करेंगी।

## पार्श्वनाथजी के दर्शन के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना पुलिस और जयपुर पश्चिम साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए पार्श्वनाथजी के दर्शन और धार्मिक यात्रा कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी टूर एंड ट्रेवल्स की आड़ में धार्मिक यात्रा की बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन रुपए जमा करवाता और राशि मिलते ही श्रद्धालुओं के मोबाइल नंबर ब्लॉक कर देता था। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर देशभर से 37 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अभिषेक कुमार जैन मूल रूप से भीलवाड़ा का रहने वाला है और वर्तमान में कालवाड़ रोड स्थित मंगलम सिटी में रह रहा था। आरोपी ने मध्यप्रदेश के सागर स्थित विभिन्न मंदिरों में पार्श्वनाथजी के दर्शन और धार्मिक यात्रा से संबंधित पोस्टर लगाए थे। पोस्टर देखकर श्रद्धालु जब उससे संपर्क करते तो वह एडवांस बुकिंग और यात्रा खर्च के नाम पर बैंक खातों में ऑनलाइन राशि जमा करवाता था। रुपए मिलते ही मोबाइल नंबर ब्लॉक कर देता और यात्रा की कोई व्यवस्था नहीं करता। करधनी थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी के बैंक खातों के खिलाफ एनसीआरपी पर देशभर से 37 से अधिक साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने लाखों रुपए की ठगी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो मोबाइल, एक एटीएम कार्ड, नौ चेक बुक और पांच पासबुक बरामद की हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर ठगी की रकम और अन्य पीड़ितों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

## पूर्व सैनिक कल्याण कार्यालय में हंगामे का मामला

### पूर्व सैनिकों ने कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी में पूर्व सैनिक वेलफेयर समिति ओर से गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर चिड़ावा सैनिक कल्याण कार्यालय में हुई कथित घटना के संबंध में दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। समिति ने ज्ञापन में पूर्व सैनिकों के साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट और राजकार्य में बाधा डालने के आरोप लगाते हुए मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पूर्व कैप्टन केसर देव ने बताया कि 19 अगस्त को चिड़ावा सैनिक कल्याण कार्यालय में एक्स सार्जेंट विक्रम सिंह द्वारा कथित तौर पर कार्यालय में हंगामा किया गया। समिति के अनुसार इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों एवं समिति के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। आरोप है कि सीसीटीवी आदि उपकरणों को लाठी से तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। साथ ही सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया, जिससे कार्यालय का माहौल असुरक्षित हो गया। पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने कहा कि पूर्व सैनिकों के हितों और समाज की सेवा के लिए समिति लगातार कार्य कर रही है। ऐसे में किसी भी प्रकार का हिंसक एवं अमर्यादित व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। समिति ने घटना से कर्मचारियों के मनोबल और सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न होने की बात कही। समिति ने जिला प्रशासन से मांग की कि मामले में दोषी व्यक्ति के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उचित सुरक्षा एवं प्रशासनिक कदम उठाए जाएं। समिति ने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र न्यायसंगत और कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो वह आगामी कदम उठाने के लिए विवश होगी। इस मौके पर सुबेदार मेजर पूर्ण सिंह, सुंदरलाल सैनी, रतिराम सैनी, उम्मेदसिंह, भागचंद, अमरसिंह, जसवंत सिंह, जयराम सहित अनेक पूर्व सैनिक मौजूद थे।

## राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी के देश के विकास में दिए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत में सूचना क्रांति के जनक रहे हैं। उन्होंने देश को तकनीकी एवं संचार के क्षेत्र में नई दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया। कार्यक्रम में रेखाराम मेहरड़ा, राजकुमार इंदौरिया, मुकुल मिश्रा, सलीम बेहलीम, भगवती प्रसाद भामा, आसिफ अली चौहान, बजरंग सैन, लालचंद वेदी, मनीष नायक एवं वरुण भाटी सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने स्व. राजीव गांधी के आदर्शों एवं देशहित में उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नगर पालिका चुनाव की सरगर्मियां हुई तेज

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा नगर पालिका चुनाव को लेकर उपखंड मुख्यालय पर चुनावी सरगर्मियां पूरी तरह तेज हो गई है। नोखा के 45 वार्डों में चुनाव होना है जिसमें मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और विकास मंच में रहने के कयास लगाए जा रहे हैं।



पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर की विकास मंच नाम से बनाई पार्टी के दो प्रत्याशियों का चयन बुधवार रात्रि वार्ड के लोगों की मौजूदगी में उनकी राय के अनुसार किया गया। वार्ड नम्बर 9 से सुखराम भादू और वार्ड 43 से शर्मिला चांडक को बनाया गया है। यह वार्ड भाजपा नेता आसकरण भट्टड़ का वार्ड है जो निवर्तमान पालिका में नेता प्रतिपक्ष भी थे आसकरण भट्टड़ की पत्नी के भाजपा से चुनावी मैदान में उतरने की संभावना बनी हुई है। नगर पालिका चुनाव को लेकर लगभग सभी वार्डों में 5 से 6 नाम अभी तक सामने आ रहे हैं जिसमें मुख्य नाम भारतीय जनता पार्टी, विकास मंच के साथ-साथ कांग्रेस ओर अन्य पार्टियों के साथ निर्दलीय के हैं। नोखा के कुछ वार्डों में त्रिकोणीय संघर्ष होने के अभी से आसार बनते हुए दिखाई दे रहे है तो कई जगह निर्दलीय जीत हार का गणित तय करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी की कमान पूर्व विधायक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल बिश्नोई के हाथ में है वही विकास मंच के सुप्रीमो कन्हैयालाल झंवर और पूर्व पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर के हाथों में है। कांग्रेस अपने उम्मीदवार विधायक सुशीला डूडी की राय को प्राथमिकता देते हुए उतारने का विचार कर रही है। निकाय चुनाव की बिसात चारों ओर बिछ चुकी है। लोग सोशल मीडिया पर एआई से फोटो बनाकर अपना अपना प्रचार तक शुरू कर चुके हैं। नगरीय निकाय चुनाव के इस दौर में रूठे हुओ को मनाने का दौर जारी है, पुराने गिले शिकवे भुलाये जा रहे हैं ताकि सभी दल एकजुट होकर चुनाव लड़ सकें। कुछ वार्ड अभी से हॉट सीट बनते हुए दिखाई दे रहे जिन पर लोग पर्चा भरने से पूर्व ही जीत हार का जोड़तोड़ कर अपने अपने चहेते प्रत्याशी को जीतता बता रहे। नोखा नगर पालिका का अध्यक्ष इस बार ओबीसी वर्ग का होगा जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी, विकास मंच, कांग्रेस, आरएलपी और आम आदमी पार्टी द्वारा चुनावी मैदान में उम्मीदवार उतारे जाने की चर्चाएं चल रही है। इस बार जीतने वाले लोगों पर सबकी पैनी निगाह बनी हुई है।

# गोविंददेवजी मंदिर में जन्मोत्सव की धूम, 4 सितंबर को मनेगी जन्माष्टमी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जय निवास बाग स्थित ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी महाराज में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की शुरुआत हो चुकी है। श्रावण शुक्ल सप्तमी से शुरू हुआ उत्सव 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मुख्य पर्व के साथ संपन्न होगा। मंदिर महंत एवं एकल न्यासी अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि उत्सव की शुरुआत अष्टप्रहर हरिनाम संकीर्तन से हुई। जगमोहन परिसर में भक्त गौड़ीय सप्त देवालय के दर्शन कर सकेंगे। मंदिर को बंधनवार, बधाई संदेशों और विशेष रोशनी से सजाया जा रहा है। मुख्य प्रवेश और निकास द्वार पर शहनाई व नगाड़ों की धुन गूंजेगी। 3 सितंबर तक रोजाना भजन मंडलियों और कलाकारों की



ओर से रागसेवा व नृत्यसेवा प्रस्तुत की जाएगी। ठाकुरजी का विशेष अलंकार श्रृंगार और झांकियां भी सजाई जाएंगी।

### 3 हजार कार्यकर्ता संभालेंगे व्यवस्था

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए करीब 3 हजार मंदिर कार्यकर्ता और 150 स्काउट्स तैनात रहेंगे। परिसर में 13 एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। सुरक्षा के लिए विभिन्न द्वारों पर 8 से 10 मेटल डिटेक्टर और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। वाहनों के लिए रामनिवास बाग और चौगान स्टेडियम पार्किंग निर्धारित की गई है।

### 31 तोपों की सलामी और आतिशबाजी

जन्माष्टमी पर 4 सितंबर को मंगला झांकी से पहले ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक होगा। रात 10 से 11 बजे तक पं डॉ जीएल मिश्र जन्माष्टमी व्रत कथा का पाठ करेंगे। मध्यरात्रि 12 बजे जन्मोत्सव के साथ 31 तोपों की हवाई सलामी और आतिशबाजी होगी। छह वेदपाठी पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री शालिग्राम पूजन और पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक में 425 लीटर दूध, 365 किलो दही, 11 किलो घी, 85 किलो बूरा और 11 किलो शहद इस्तेमाल होगा। इसके बाद पंजीरी लड्डू, खिरसा और रबड़ी कुल्हड़ का भोग लगाया जाएगा।

### बैग-पर्स और प्रसाद पर रोक

मंदिर में जूता स्टैंड की व्यवस्था नहीं होगी। श्रद्धालुओं से जूते-चप्पल और हेलमेट सुरक्षित स्थान पर रखकर आने को कहा गया है। लेडीज पर्स, बैग, थैले, लैपटॉप, कैमरा, कीमती आभूषण, प्रसाद, फल, मिठाई, नारियल और पानी की बोतल ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं से भारतीय पारंपरिक परिधान में आने की अपील की गई है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को भीड़ भाड़ के समय आने से बचने की सलाह दी गई है। मंदिर प्रशासन ने संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस या मंदिर प्रशासन को देने की अपील की है।

## शारीरिक शिक्षकों की जिलास्तरीय वाकपीठ शुरू



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शिक्षा विभाग की तरफ से तीन दिवसीय जिलास्तरीय शारीरिक शिक्षक वाकपीठ की शुरुआत गुरुवार को बाल भारती इंटरनल स्कूल में हुई। जिसमें 100 से ज्यादा उच्च प्राथमिक प्राथमिक शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया। पहले दिन हुए उद्घाटन समारोह के उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षक कमल कुमार सारण मुख्य अतिथि रहे। वहीं सीबीईओ रणजीत सिंह भींचर, चैनरूप दायमा, एसीबीओ धर्मसिंह मीणा, मकसूद उल हसन व नोपाराम मंडा मंचस्थ रहे। मुख्य अतिथि सारण ने प्रार्थना सभा में शारीरिक शिक्षक की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। सीबीईओ भींचर ने स्कूलों में अनुशासन और जन सहभागिता पर जोर दिया। रिटायर्ड शारीरिक शिक्षक चेनरूप दायमा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए शारीरिक शिक्षकों को स्कूल में रोजाना खेलकूद सहित रचनात्मक गतिविधियां जारी रखने की सलाह दी।

धर्मसिंह मीणा ने छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं अनुशासन में भूमिका निभाने का आह्वान किया। मेजबान नोपाराम मंडा ने आभार व्यक्त किया और आयोजकीय पृष्ठभूमि को भी रेखांकित किया। वाकपीठ में रामलाल गुलेरिया, भंवरलाल पांडर, रचना जांगिड़, नैना जानू, मीरा जाखड़, सुधेन्द्र जोशी, योगेश, सविता, नेमाराम प्रजापत सहित बड़ी संख्या में शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

## पशुपालक पाठशाला आयोजित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** बरसात के चलते मक्खी मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के कारण पशुओं में एफिमिरल फीवर, मुफला, आँखो में कीमोसिस, वायरल डायरिया जैसे रोग फैलने की संभावना को देखते हुए पशुपालन विभाग ने ग्राम पंचायत संजय नगर के गुजराला गांव में पशुपालक पाठशाला का आयोजन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु चिकित्सालय संजय नगर प्रभारी डॉ योगेश आर्य ने की। डॉ योगेश आर्य ने बताया कि पशुपालक पाठशाला के माध्यम से पशुपालकों को बारिश के बाद होने वाले रोगों के कारण, देशी उपचार और उनसे बचाव के उपाय बताए गए। उन्होंने पशुपालकों से कहा कि मानसून के बाद मक्खी मच्छरों के प्रकोप शुरू होने के पश्चात पशुओं के बार बार बुखार आने, लंगड़ाहट, अकड़न जकड़न, एफिमिरल फीवर अथवा तीन दिवसीय बीमारी विशेषकर गाय और भैंसों में तीव्र से फैलती है। उन्होंने बताया कि यह बीमारी मुख्य रूप से वर्षा ऋतु के बाद मक्खी-मच्छरों के बढ़ने से अधिक फैलती है।

पशुओं की तीन दिन तक उचित देखभाला करने पर जल्दी ठीक हो जाते हैं। उन्होंने ने पशुपालकों को बीमारी रॅब्डोविरिडे कुल के आरएनए वायरस खून चूसने वाले कीट मच्छर और कुल्किओइड्स मक्खियां होती हैं। संक्रामक कीट स्वस्थ पशु को काटते हैं, तो वायरस उनके शरीर में प्रवेश कर जाता है। डॉ आर्य ने पशुपालकों से गौशाला और उसके आसपास स्वच्छता रखने, मच्छरों और मक्खियों की रोकथाम के लिए सुरक्षित कीटनाशकों, मक्खी-मच्छर भगाने वाले उपायों का उपयोग करने की सलाह दी। इस मौके पर लालचंद गुर्जर, श्योराम सैनी, दीपचन्द गुर्जर, सुरेश गुर्जर, शुभकरण, रामावतार, मनीष, हीरालाल, कुलदीप, राहुल सहित आदि पशुपालक मौजूद थे।

## सद्भावना दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** श्रीकृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में गुरूवार को सद्भावना दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सद्भावना, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता का संदेश प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम अधिकारी अभिलाषा जोशी ने छात्राओं को सद्भावना दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी प्रेम, सहयोग, सहिष्णुता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक मेहरा (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर), द्वितीय स्थान नमिता कुमावत (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) तथा तृतीय स्थान ज्योति कुमावत (एम.ए. प्रथम सेमेस्टर) एवं अनु कुमारी (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजू शर्मा ने छात्राओं की सहभागिता एवं रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक सद्भाव, जागरूकता एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आपसी भाईचारे, एकता, प्रेम एवं सामाजिक सद्भाव की भावना को बढ़ावा देना रहा।

# मन में शिक्षा की ज्योत जलाकर विमला ने पाई सफलता

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय लाडनूं रोड निवासी देवाराम माली की पुत्री विमला माली की कहानी अनोखी है। जन्म से आंखों से देख नहीं पाने वाली विमला माली के जीवन में शिक्षा मार्गदर्शक की रोशनी बने विशेष शिक्षक संदर्भ व्यक्ति मंगलाराम गुर्जर। विमला माली के परिवार के सामने सबसे बड़ी समस्या जन्मांध बालिका को शिक्षा दिलाने की थी। पिता छोटी किराने की दुकान का संचालन करते हैं। विमला जन्म से ही आंखों से देख नहीं पाती। लेकिन जिज्ञासा



शिक्षा ग्रहण करने की थी, कई विद्यालयों में गए लेकिन शिक्षा हेतु प्रवेश ही नहीं करवा पाए। एक दिन सुजानगढ़ शहर के राजकीय पूनम चंद बगड़िया उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानगढ़ में संचालित दिव्यांग बालकों हेतु संदर्भ कक्ष पर कार्यरत विशेष शिक्षकों से मिले। उसके बाद विमला को कक्षा तीन में प्रवेश दिलाया गया तथा विशेष शिक्षा के माध्यम से विशेष स्व कंटेंट तैयार कर ऑडियो रीडिंग का अभ्यास कराया गया। उसके बाद आठवीं तक शिक्षा राजकीय विद्यालय में प्राप्त की। दसवीं और 12वीं राजस्थान ओपन बोर्ड के माध्यम से पास कर आगे की पढ़ाई जारी रख बीए तक परीक्षा उतीर्ण की। वर्तमान में राजस्थान चतुर्थ श्रेणी भर्ती 2024 में विमला का चयन हुआ है।

विमला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर श्री गणेशी राम झंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानगढ़ में कार्यरत है। विमला की सफलता समाज के लिए संदेश है कि दिव्यांगता अभिशाप है या नहीं ये भगवान की देन है। लेकिन इंसान चाहे तो कुछ भी असंभव नहीं है।

## विशुद्ध प्रेम ही ईश्वर का रूप : अमित कुमार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** रामाश्रम सत्संग, मथुरा के जयपुर उपकेंद्र की ओर से श्रावण मास में सामूहिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री युत अमित कुमार एवं श्री युत मोहित कुमार का सानिध्य रहा। श्री युत अमित कुमार ने कहा कि आपस में मिलते-जुलते रहने से प्रेम बढ़ता है और विशुद्ध प्रेम ईश्वर का ही दूसरा रूप है। उन्होंने कहा कि गुरु महाराज ने ईश्वर प्राप्ति के लिए ऐसी सरल पद्धति दी है, जिसमें साधक सहज भाव से आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार नर्सरी के बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाती है और माता अपने शिशु की जरूरतों का ध्यान सहज रूप से रखती है, उसी प्रकार गुरु महाराज भी अपने शिष्यों को सहज रूप से आध्यात्मिक ज्ञान और साधना की खुराक देते रहते हैं। समारोह में बड़ी संख्या में साधक शामिल हुए। इस दौरान आपसी प्रेम, सद्भाव और आध्यात्मिक साधना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# आचार संहिता की पालना को लेकर पोस्टर हटाने की कार्रवाई शुरू

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगरपालिका क्षेत्र में आचार संहिता की पालना को लेकर नगरपालिका प्रशासन की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कस्बे के विभिन्न मार्गों, सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख चौराहों पर पूर्व में लगाए गए पोस्टरों को नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा हटाया जा रहा है। पोस्टर हटाने के लिए मशीनों की भी मदद ली जा रही है ताकि सार्वजनिक स्थलों को पोस्टर एवं प्रचार सामग्री से मुक्त किया जा सके। एसआई सुनील सैनी के नेतृत्व में नगरपालिका कर्मचारियों की टीम द्वारा कस्बे के अलग-अलग मार्गों पर अभियान चलाया जा रहा है।

टीम ने सड़क किनारे, दीवारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर




लगे पोस्टरों को चिह्नित कर उन्हें हटाने की कार्रवाई की। कर्मचारियों ने मशीनों की सहायता से ऊंचाई पर लगे पोस्टरों को भी हटाया। नगरपालिका प्रशासन का उद्देश्य आचार संहिता के नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के साथ-साथ शहर को साफ-सुथरा बनाए रखना है। कार्रवाई के दौरान कर्मचारियों ने आमजन को भी आचार संहिता के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति किसी भी प्रकार के पोस्टर, बैनर या प्रचार सामग्री नहीं लगाएं। नगरपालिका कर्मचारियों ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और कस्बे के विभिन्न हिस्सों में लगे पुराने पोस्टर एवं प्रचार सामग्री को हटाया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से सार्वजनिक स्थानों की दीवारें और मार्ग साफ दिखाई देने लगे हैं। नगरपालिका की टीम ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नियमों की पालना करना सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर एसआई सुनील सैनी, कालूराम, संतोष कुमार, सुखराम गुर्जर, संदीप शर्मा, नरेश कुमार, संतोष कुमार, मोहित, अजय कुमार, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कुल्हाड़ी से पिता की हत्या : शव फेंकने से पहले मां-बेटा पुलिस हिरासत में

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सांगानेर सदर थाना इलाके के गोविंदपुरा में घरेलू विवाद के चलते 45 वर्षीय बेटे सवाई राम जाट ने अपने 75 वर्षीय पिता जगदीश जाट की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को करीब एक दिन घर में छिपाए रखा। दूसरे दिन गांव टोडारायसिंह ले जाकर अंतिम संस्कार करने के लिए टैक्सी बुलाई, लेकिन शव से बदबू आने पर चालक को शक हो गया और उसने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी शव को घर के पास खाली प्लॉट में ठिकाने लगाने की कोशिश कर रहा था। डीसीपी दक्षिण राजर्षिराज वर्मा ने बताया कि मृतक जगदीश जाट टोडारायसिंह का रहने वाला था और गोविंदपुरा में पत्नी सजनी व छोटे बेटे सवाई राम के साथ रहता था। पुलिस ने सवाई राम और मौके पर मौजूद उसकी मां सजनी को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में सवाई राम ने हत्या करना स्वीकार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पिता शराब पीने के बाद आए दिन परिवार से झगड़ा करते थे। 18 अगस्त की रात भी दोनों के बीच कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर गुस्से में सवाई राम ने कुल्हाड़ी से पिता के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। उस समय मां सजनी भी घर पर मौजूद थी। हत्या के बाद सवाई राम ने शव को कंबल में बांधकर घर में छिपा दिया। शव ठिकाने लगाने के लिए जगह नहीं मिलने पर उसने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार करने की योजना बनाई। गुरुवार सुबह टैक्सी बुलाकर चालक को पिता की मौत की बात बताई। शव से बदबू आने पर चालक को संदेह हुआ और उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी शव को पास के खाली प्लॉट में फेंकने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। मौके पर एफएसएल टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि जगदीश, उसकी पत्नी सजनी और दोनों बेटे पहले भी परिवार की बहू की हत्या के मामले में आरोपी रह चुके हैं। पुलिस के अनुसार वर्ष 2022/2024 में दर्ज इस मामले में परिवार के चारों सदस्य जेल गए थे। जगदीश,, सजनी और सवाई राम करीब चार माह पहले जमानत पर बाहर आए थे, जबकि बड़ा बेटा अभी जेल में है। पुलिस मौजूदा हत्या के साथ पुराने मामले की भी विस्तृत जांच कर रही है।

## 32 परीक्षाएं, 21 इंटरव्यू... 61वीं रैंक से बने असिस्टेंट कमांडेंट

# झुंझुनूं के अजय बुडानिया की सफलता की कहानी : 25 की उम्र में यूपीएससी में ऑल इंडिया 61वीं रैंक

## असफलताओं को बनाया सफलता की सीढ़ी




बाबूलाल वर्मा

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** झुंझुनूं की धरती ने देश को एक और होनहार सपूत दिया है। छोटे से गांव बुडानिया के अजय बुडानिया ने 25 साल की उम्र में यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया 61वीं रैंक हासिल कर असिस्टेंट कमांडेंट का पद हासिल किया है। अजय की सफलता की खास बात यह है कि उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 32 प्रतियोगी परीक्षाएं दीं और 21 इंटरव्यू का सामना किया। कई बार असफल होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे। सीनियर सेकेंडरी के बाद से ही अजय ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी थी। स्नातक की पढ़ाई के साथ उन्होंने एनडीए, एयरफोर्स, नेवी, आईआईटी, सीडीएस, एएफसीएटी, सीपीओ, एसआई और आईबी सहित कई परीक्षाएं दीं। इस दौरान कुल 32 परीक्षाओं में शामिल हुए और 21 बार इंटरव्यू तक पहुंचे। भारतीय नौसेना में उनका चयन भी हुआ, लेकिन उन्होंने अपनी मंजिल को बड़ा मानते हुए जॉइन नहीं किया। अजय कहते हैं कि हर परीक्षा और हर असफलता ने उन्हें कुछ नया सिखाया।

इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया और उन्होंने तय कर लिया कि किसी भी परिस्थिति में हिम्मत नहीं हारनी है।

### बचपन से ही देशसेवा का जुनून

अजय की शुरुआती शिक्षा झुंझुनूं में हुई। परिवार में भी देशसेवा की भावना रही है। स्कूल में राष्ट्रीय पर्व और कार्यक्रमों के दौरान वे देशभक्ति से जुड़े नाटकों और प्रस्तुतियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। यही रुचि आगे चलकर देशसेवा के जुनून में बदल गई।

### नाना का मार्गदर्शन, माता-पिता का मिला साथ

अजय अपनी सफलता का श्रेय अपने नाना महावीर रणवा को देते हैं। उनका कहना है कि नाना ने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया।

वहीं पिता राजीव बुडानिया और माता विनोद देवी ने शारीरिक तैयारी में पूरा सहयोग किया। कसरत, व्यायाम और दौड़ की तैयारी के दौरान माता-पिता ने उनका रूटीन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अभी मंजिल बाकी है

असिस्टेंट कमांडेंट बनने के बाद भी अजय ने आगे का लक्ष्य तय कर लिया है। उनका कहना है कि वे भविष्य में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पास करना चाहते हैं और इसके लिए तैयारी जारी रखेंगे।

### गांव से गोपाल नगर तक खुशी की लहर

अजय की सफलता की खबर बुडानिया गांव और उनके वर्तमान निवास गोपाल नगर, सितसर पहुंचते ही परिवार और परिचितों में खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई देने वालों का तांता लगा है और मिठाइयां बांटी जा रही हैं। अजय की कहानी उन युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है जो प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार प्रयास कर रहे हैं।

### 2023 में पहली कोशिश, 2025 में रचा इतिहास

अजय ने 2023 में पहली बार यूपीएससी परीक्षा दी थी, लेकिन मेरिट में जगह नहीं बना सके। इसके बाद उन्होंने तैयारी जारी रखी और 2025 की परीक्षा में ऑल इंडिया 61वीं रैंक हासिल कर ली। इस दौरान वे सीपीओ परीक्षा पास कर सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर भी बने। वर्ष 2025 से उनकी एक साल की कठिन ट्रेनिंग शुरू हुई, जो जुलाई 2026 में पूरी हुई। ट्रेनिंग के बाद उन्हें अनंतनाग, कश्मीर में पोस्टिंग मिली। ड्यूटी ज्वाइन किए अभी आठ दिन ही हुए थे कि यूपीएससी का परिणाम आया और अजय को देशभर में 61वीं रैंक मिलने की खुशखबरी मिली।

# 95 हजार की साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी थाना स्तर की टॉप-10 वांछित सूची में था शामिल, खाते में मिलीं 5 शिकायतें

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** चिड़ावा पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 95,848 रुपए की साइबर ठगी के आरोपी अंकित उर्फ मोगा को गिरफ्तार किया है। आरोपी थाना स्तर की टॉप-10 वांछित सूची में शामिल था। उसके बैंक खाते पर अलग-अलग राज्यों से साइबर ठगी की 5 शिकायतें दर्ज मिली हैं। पुलिस के अनुसार नेशनल साइबर पोर्टल एवं समन्वय पोर्टल से प्राप्त शिकायतों की जांच में एसबीआई चिड़ावा शाखा का खाता आरोपी अंकित के नाम पर पाया गया। खाते में कुल 95,848 रुपए की साइबर फ्रॉड राशि आने की पुष्टि हुई। इसके बाद आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं और आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की। टीम ने कार्रवाई करते हुए 18 अगस्त को निमाजपुरा तन ओजटू निवासी 24 वर्षीय अंकित उर्फ मोगा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर साइबर ठगी करना सामने आया है। आरोपी को 19 अगस्त को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में पुलिस की ओर से गहन अनुसंधान जारी है। कार्रवाई थानाधिकारी लक्ष्मीचंद वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

# निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की अहम बैठक आज

निलेश मुद्गल

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे मुनि आश्रम, झुंझुनूं में होगी। बैठक जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। इसमें नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी कमल सिखवाल, सह प्रभारी मुकेश गोयल और प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी महिपाल महला मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी ललित जोशी ने बताया कि बैठक में निकाय चुनाव की रणनीति और संगठन की तैयारियों को लेकर चर्चा होगी। बैठक में सांसद, पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक व विधायक प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी, निकाय प्रभारी, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी, पूर्व जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारी सहित मोर्चा जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। इसके अलावा वर्तमान व पूर्व चेयरमैन, प्रवासी, निकाय संयोजक और सह संयोजक भी अपेक्षित श्रेणी में मौजूद रहेंगे।

# महनसर-भीखनसर से जयपुर के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** महनसर और भीखनसर के ग्रामीणों को अब जयपुर जाने के लिए बिसाऊ जाकर बस पकड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। चूरू आगार की रोडवेज बस गुरुवार से महनसर और भीखनसर होकर जयपुर जाएगी। चूरू आगार प्रबंधक सुदीप शर्मा के अनुसार चूरू से जयपुर जाने वाली रोडवेज बस पहले बिसाऊ, टांई और मंडावा होकर जयपुर जाती थी। अब 20 अगस्त से बस का रूट बदलकर बिसाऊ, महनसर, भीखनसर, टांई और मंडावा किया गया है। रूट में बदलाव से पर्यटक स्थल महनसर और भीखनसर पंचायत मुख्यालय के ग्रामीण पहली बार सीधे रोडवेज बस सेवा से जयपुर से जुड़ जाएंगे। इससे ग्रामीणों को जयपुर के साथ मंडावा, मुकुंदगढ़, नवलगढ़ और चूरू आने-जाने में भी सुविधा मिलेगी। अब तक दोनों गांवों के ग्रामीणों को इन स्थानों पर जाने के लिए बिसाऊ पहुंचकर रोडवेज बस पकड़नी पड़ती थी। नई बस सेवा शुरू होने से ग्रामीणों का समय और परेशानी दोनों बचेंगे।

# पूर्व चेयरमैन सुरेश शर्मा ने चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** नगर पालिका चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार शाम बाजार स्थित सब्जी मंडी में पूर्व चेयरमैन सुरेश कुमार शर्मा और वाइस चेयरमैन विश्वनाथ पुजारी ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन से पहले पंडित रजनीकांत ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान समर्थकों ने पूर्व चेयरमैन सुरेश कुमार शर्मा और वाइस चेयरमैन विश्वनाथ पुजारी का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विश्वनाथ पुजारी और सुरेश कुमार शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में फिर से उनके नेतृत्व में नगरपालिका बोर्ड का गठन किया जाए। इस मौके पर रघुनंदन शास्त्री, राजेंद्र गहलोत, एडवोकेट भारत भूषण, राजेंद्र भट्ट, विमल छापड़िया, योगेश सोनी, सत्यवीर धीवा, राकेश शर्मा, राजेश कुमार जोशी, दिनेश शर्मा, मुकेश बाकोलिया, बाबूलाल बड़गुजर, गल्लू महाराज, पिंटू सोनी, चिमन सैनी, विष्णु भार्गव, गोपाल बिजनेवाला, इंद्र चेतीवाल, जुगल पहाड़िया, रौनक शर्मा, राजेंद्र पीपलवा, संत कुमार सुल्तानिया, उम्मेद टेलर, भंवरलाल सैनी, प्यारे लाल सैनी, ओमप्रकाश कौशिक, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# माकड़ो की संगीता डागर बनी पुलिस सब इंस्पेक्टर




संजय सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** जिले के माकड़ो गांव निवासी संगीता डागर का आरपीएससी की राजस्थान पुलिस (दूरसंचार) उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में चयन हुआ है। संगीता ने महिला वर्ग में 7वीं रैंक हासिल कर गांव और परिवार का नाम रोशन किया। संगीता के चयन की खबर मिलते ही गांव में खुशी का माहौल हो गया। ग्रामीणों और परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। महिपाल डागर, अशोक डागर, विकास डागर, निरीक्षक सरोज सिंह, एएसआई कमल डागर, अनिता डागर, अजय डागर, अनिल डागर, सविता डागर, सुनीता सिंह, विजय जांगिड़, जसवंत मरोड़िया, सतवीर डैला और मुकेश शर्मा सहित ग्रामीणों ने संगीता को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# झुंझुनूं के वार्ड 31 में पोस्टर लगे, बाहरी प्रत्याशी को टिकट देने पर बीजेपी को चेतावनी

संजय सोनी




**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** नगर परिषद चुनाव को लेकर शहर में राजनीतिक हलचल बढ़ने लगी है। वार्ड नंबर 31 में बीजेपी के खिलाफ चेतावनी वाले पोस्टर लगाए जाने से सियासी माहौल गरमा गया है। पोस्टरों में बाहरी व्यक्ति को टिकट देने पर पार्टी को चुनाव में खामियाजा भुगतने की चेतावनी दी गई है। वार्ड में लगाए गए पोस्टरों पर लिखा है कि यदि बीजेपी वार्ड नंबर 31 से बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बनाती है तो पार्टी को आगामी चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पोस्टर के नीचे निवेदक के रूप में 'समस्त वार्डवासी' लिखा गया है। बताया जा रहा है कि वार्ड के विभिन्न इलाकों में बड़ी संख्या में ऐसे पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर सामने आने के बाद वार्ड 31 में बाहरी प्रत्याशी को टिकट दिए जाने की चर्चा से स्थानीय कार्यकर्ताओं और निवासियों में नाराजगी सामने आई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि पार्टी वार्ड के ही निवासी को टिकट दे, ताकि वह क्षेत्र की समस्याओं और लोगों की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझ सके। चुनाव से पहले सामने आए इन पोस्टरों ने बीजेपी के टिकट वितरण को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है।

# पं. महर्षि को सम्मानित किया



हर्ष सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** ज्योतिषाचार्य पंडित संजय महर्षि को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने श्रीफल व साफा पहनाकर सम्मानित किया। दाधीच ने उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट करते हुए ज्योतिष के क्षेत्र में पं. महर्षि की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज को पं. महर्षि के मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस दौरान चंद्रशेखर खंडेलवाल, पंडित मनोज शर्मा, बिट्टू शर्मा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसएस मोदी विद्या विहार में ट्राई गेम्स टूर्नामेंट का शुभारंभ



सुरेंद्र शर्मा

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** शहर के गौरव पथ स्थित एसएस मोदी विद्या विहार में स्व. सूर्यकांत मोदी मेमोरियल चतुर्थ ट्राई गेम्स टूर्नामेंट-2026 का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बास्केटबॉल, बैडमिंटन और रोलर स्केटिंग के मुकाबले अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग में होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी राजेश ओला रहे। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी. पॉल और प्राचार्य विजय मसीह ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय के बैंड की अगुवाई में विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट किया और मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि राजेश ओला ने खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल तन और मन को स्वस्थ रखने के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। खेलों से बच्चों को आगे बढ़ने और अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलता है। खेल प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता 20 से 22 अगस्त तक चलेगी। इसमें 20 विद्यालयों के करीब 450 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन बालिका बास्केटबॉल में एसएस मोदी विद्या विहार ने ऐजिस इंटरनेशनल दोरासर को हराया। बैडमिंटन की टीम स्पर्धा में झुंझुनूं एकेडमी और एसएस मोदी विद्या विहार की टीमें फाइनल में पहुंचीं। रोलर स्केटिंग में 300, 500 और 1000 मीटर की स्पर्धाएं हुईं। कार्यक्रम का संचालन आंचल और आफिया ने किया। मुंबई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गिलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी और कनिका मोदी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# डांगावास हत्याकांड के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में पैरवी की मांग



अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** डांगावास दलित हत्याकांड के मामले में सभी 40 आरोपियों के बरी होने के फैसले के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने राज्य सरकार से हाईकोर्ट में मजबूत पैरवी की मांग की है। पार्टी के जिला सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने चिड़ावा उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2015 में नागौर जिले के डांगावास में हुई घटना में पांच दलितों की हत्या हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। मामले की सुनवाई एससी-एसटी विशिष्ट न्यायालय, मेड़ता सिटी में हुई। सत्र न्यायाधीश ने सबूतों के अभाव और अभियोजन पक्ष की कमजोरियों के चलते सभी 40 आरोपियों को बरी कर दिया। पार्टी ने फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि घटना में जिन लोगों की मौत हुई और जो घायल हुए, उनके मामले में न्याय के लिए राज्य सरकार को हाईकोर्ट में प्रभावी पैरवी करनी चाहिए।

ज्ञापन में आरोपियों को सजा दिलाने के लिए मजबूत पैरवी की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के राज्य समिति सदस्य कामरेड ओमप्रकाश झारोड़ा, कामरेड रत्तीराम राव, कामरेड हरिओम, बलवान बलौदा और बंटी शामिल रहे।

# कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी की जयंती मनाई




संजय सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** माननगर स्थित सांसद कार्यालय एवं कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता अमित ओला ने राजीव गांधी के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे आधुनिक भारत के निर्माण की सोच रखने वाले नेता थे। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ाने के साथ तकनीकी विकास और देश को नई दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। गीडानिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमेर सिंह महला ने कहा कि राजीव गांधी ने देश के विकास, संचार एवं तकनीकी क्षेत्र और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने और जनसेवा व देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान झुंझुनूं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमत अली, यूनुस रहमानी, उमर कुरैशी, असगर जोया, इस्माइल चोपदार, शाहिद राईन, राजकुमार डिगरवाल, फैयूम कुरैशी, तौफीक रहमानी, कुलदीप भांभू, दाउद कुरैशी, विद्याधर ज्याणी, विकास गुर्जर, संगीत, संदीप कुमार, बजरंग लाल शर्मा सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशामुक्ति का संकल्प लेकर स्वस्थ समाज की ओर बढ़े विद्यार्थी

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से दादी प्रकाशमणि की पावन स्मृति में 6 से 20 अगस्त तक चलाए जा रहे 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान के तहत शहर के विद्यालयों में विद्यार्थियों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया जा रहा है। केंद्र संचालिका बीके सुप्रभा बी के बसन्ती एडवोकेट टेकचंद कटारिया ने पड़िहारा में ग्रामोत्थान विद्यालय में, आदर्श विद्यालय, सेठ बंशीधर राजकीय, हनुमान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर सैकड़ों विद्यार्थियों और शिक्षक गण को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई। नशा जीवन की खुशियां छीनकर परिवार और समाज को कमजोर करता है। युवाओं का नशे से दूर रहना ही स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त भारत की मजबूत नींव है। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने स्वयं नशामुक्त रहने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रखने का दृढ़ संकल्प लिया।

# शिक्षा भत्ते की जानकारी नहीं मिली तो भड़का पूर्व सैनिक, अधिकारी से हाथापाई, बैट से ऑफिस में की तोड़फोड़

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में बुधवार को शिक्षा भत्ता योजना से जुड़ी जानकारी लेने पहुंचे एक पूर्व सैनिक पर कर्मचारियों से विवाद, मारपीट और सरकारी कार्यालय में तोड़फोड़ करने के आरोप लगे हैं। मामले में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुरेश कुमार ने चिड़ावा थाने में शिकायत दी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आने की बात कही गई है। शिकायत के अनुसार अरड़ावता निवासी भूतपूर्व सार्जेंट विक्रम सिंह 19 अगस्त को करीब 10:25 बजे अपने बच्चों की शिक्षा भत्ता योजना के ऑनलाइन आवेदन की स्थिति जानने कार्यालय पहुंचे थे। स्टाफ ने उन्हें केंद्रीय सैनिक बोर्ड की वेबसाइट नहीं चलने के कारण जानकारी उपलब्ध नहीं होने की बात बताई।

इसी को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर विक्रम सिंह ने कार्यालय कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति बिगड़ गई। शिकायत में एक कर्मचारी के साथ हाथापाई करने और उसे कार्यालय से बाहर ले जाते समय मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। अधिकारी द्वारा रोकने पर उनके साथ भी हाथापाई किए जाने की बात शिकायत में कही गई है।



### कुछ देर बाद बैट लेकर कार्यालय पहुंचने का आरोप

शिकायत के मुताबिक विवाद के कुछ समय बाद पूर्व सैनिक कथित तौर पर हाथ में बेसबॉल बैट लेकर दोबारा कार्यालय पहुंचा। आरोप है कि उसने कार्यालय में घुसकर दरवाजों पर बैट से वार किए, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा। घटना के बाद जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। चिड़ावा पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटनाक्रम की जांच कर रही है।

## सम्पादकीय

# सुधार कब होगा



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर अपने विभाग की कमियों को बेबाकी से स्वीकार किया। उन्होंने न केवल यह माना कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में अफसरों और ठेकेदारों की मिलीभगत से तकनीकी एवं वित्तीय योग्यता तय हो रही है, बल्कि यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि ठेकेदार सरकारी नियमों का बेजा लाभ उठाने में सफल हैं। ऐसी खरी बातें वे पहले भी कर चुके हैं, लेकिन लगता है उन्हें इसका भान नहीं कि इन खामियों-खराबियों को दूर करने की जिम्मेदारी तो उन्हीं की है।

उन्हें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री पद पर आसीन रहते हुए 12 वर्ष से अधिक का समय हो गया है। यह एक रिकार्ड है। आखिर इतने लंबे अनुभव के बाद भी वे अपने मंत्रालय की कमजोरियों की केवल पहचान ही क्यों कर पा रहे हैं? क्या इन कमजोरियों को दूर करने का काम प्राथमिकता के आधार पर नहीं होना चाहिए? वे इससे अनजान नहीं हो सकते कि बढ़ती मार्ग दुर्घटनाएं और उनमें होने वाली मौतों के कारण उनका मंत्रालय सवालों के घेरे में है।

नितिन गडकरी के इस कथन से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि गलत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट यानी डीपीआर तैयार करने वाले सलाहकार राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं के लिए दोषी हैं, क्योंकि ऐसा काम करने वालों को दंडित करने का काम उनके ही मंत्रालय को करना है। यहां प्रश्न यह भी है कि ऐसे अक्षम सलाहकारों की सेवाएं ली ही क्यों जा रही हैं? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। समस्या केवल राजमार्गों पर बढ़ते सड़क हादसों की ही नहीं है। समस्या यह भी है कि आम तौर पर राजमार्ग गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। स्थिति यह है कि एक्सप्रेसवे तक उद्घाटन के चंद माह बाद ही धंस जा रहे हैं।

इससे इन्कार नहीं कि देश में बड़े पैमाने पर सड़क, पुल आदि बन रहे हैं, लेकिन यह प्रश्न अनुत्तरित है कि उनकी गुणवत्ता दोयम दर्जे की क्यों साबित हो रही है? सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने निर्माण की गुणवत्ता से समझौता करने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डालने की चेतावनी भले ही दी हो, लेकिन सच यह है कि वह असर करती नहीं दिख रही है।

कहीं इसका कारण यह तो नहीं कि ऐसे ठेकेदार अपनी कंपनियों के नाम बदलकर फिर से सरकारी ठेके हासिल कर ले रहे हैं? नितिन गडकरी ने उप-ठेकेदारी के नियम बदलने के जो संकेत दिए, वे पर्याप्त नहीं कहे जा सकते, क्योंकि यह काम अब तक हो जाना चाहिए था। आखिर 12 साल एक लंबा कालखंड होता है। यह सही है कि सुधारों का सिलसिला सदैव कायम ही रहता है, लेकिन जो सुधार बहुत पहले हो जाने चाहिए थे, उनका भी लंबित रहना अफसोस और चिंता की बात है।

## विशेष आलेख

# क्या जेन-जेड होना सुरक्षा नियम तोड़ने का लाइसेंस है?

## कारगिल में महिला पर्यटक के आचरण से उठे कई गंभीर सवाल

सोशल मीडिया पर इस समय एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक महिला पर्यटक भारतीय सेना के जवानों के साथ बहस कर रही है और खुद को जेन-जेड बताकर सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दे रही है। शायद इस महिला को पता नहीं कि सीमा पर खड़े सैनिक की ड्यूटी कोई पर्यटन सेवा नहीं है और राष्ट्रीय सुरक्षा कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है जिसे किसी पर्यटक की सुविधा, बहस या अधिकारों के नाम पर दरकिनार कर दिया जाए। साथ ही वीडियो में महिला खुद को जेन-जेड बताते हुए यह कहती सुनाई देती है कि वह यह बकवास बर्दाश्त नहीं करेगी। यहां सवाल यह उठता है कि क्या किसी पीढ़ी का टैग राष्ट्रीय सुरक्षा प्रोटोकॉल से ऊपर हो सकता है? बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में दिखी घटना कारगिल सेक्टर के एक संवेदनशील हाई-एल्टीट्यूड चेक पोस्ट की है, जहां पर्यटकों के एक समूह को प्रतिबंधित दिशा में आगे बढ़ने से रोका गया। बताया जा रहा है कि संबंधित क्षेत्र में प्रवेश के लिए आवश्यक अनुमति और सुरक्षा नियम लागू थे। एक अन्य विवरण में इसे मिनामार्ग या मिनीमार्ग चेक पोस्ट के पास अस्थायी सड़क प्रतिबंध से जुड़ा बताया गया है। वीडियो में दिख रही तस्वीर बेहद स्पष्ट है। एक तरफ शांत रहकर सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन कराने की कोशिश करता जवान और दूसरी तरफ अपनी यात्रा, दूरी और अधिकारों का हवाला देकर बहस करता पर्यटक समूह।

महिला पर्यटक का यह तर्क कि हम जेन-जेड हैं, हम यह सब बर्दाश्त नहीं करेंगे, दरअसल उस मानसिकता को उजागर करता है जिसमें व्यक्तिगत सुविधा को व्यवस्था और सुरक्षा से ऊपर मान लिया जाता है। जेन-जेड होना न कोई विशेष सुरक्षा पास है, न ही यह कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रोटोकॉल को चुनौती देने का लाइसेंस है। सेना यह नहीं देखती कि सामने खड़ा व्यक्ति किस पीढ़ी का है; उसे यह देखना होता है कि सीमा सुरक्षित रहे, कोई संदिग्ध गतिविधि न हो और कोई नागरिक अनजाने में किसी खतरे की जद में न पहुंच जाए। देखा जाये तो कारगिल और नियंत्रण रेखा के आसपास के इलाके सामान्य पर्यटन स्थल नहीं हैं। यह वही संवेदनशील भूभाग है जहां भारत ने युद्ध का सामना किया है, जहां घुसपैठ और आतंकी गतिविधियों का इतिहास रहा है और जहां मौसम, दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां तथा सैन्य गतिविधियां हर समय सुरक्षा की अलग चुनौतियां पैदा करती हैं। ऐसे में सड़क बंद होना, आवाजाही नियंत्रित होना, चेकिंग होना या किसी क्षेत्र में प्रवेश के लिए अनुमति मांगना कोई एंटी-टूरिस्ट रवैया नहीं, बल्कि एक जरूरी सुरक्षा व्यवस्था है।

सेना और सुरक्षा एजेंसियों को वहां इसलिए तैनात रहना पड़ता है क्योंकि सीमावर्ती इलाकों में खतरे केवल दिखाई देने वाले नहीं होते। कई बार खुफिया सूचना के आधार पर तलाशी या घेराबंदी की जरूरत पड़ सकती है। कभी सैन्य काफिले की आवाजाही होती है, कभी खराब मौसम या भूस्खलन के कारण रास्ता असुरक्षित हो जाता है और कभी किसी संभावित खतरे को देखते हुए नागरिकों की आवाजाही अस्थायी रूप से रोकी जाती है। ऐसे निर्णय किसी एक पर्यटक को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि दर्जनों या सैकड़ों लोगों की जान बचाने के लिए लिए जाते हैं।





बर्फीली चोटियों, दुर्गम सड़कों और हर वक्त मौजूद संभावित खतरे के बीच जवान इसलिए तैनात है ताकि देश के नागरिक सुरक्षित रहें और पर्यटन जैसी सामान्य गतिविधियां भी संभव हो सकें। ऐसे में किसी पर्यटक का जवानों से यह पूछना कि रास्ता आखिर क्यों बंद किया गया है, हर परिस्थिति में उचित नहीं कहा जा सकता, क्योंकि सुरक्षा बलों के पास मौजूद खुफिया जानकारी, किसी विशेष इनपुट या चल रहे ऑपरेशन का कारण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। कई बार एक मामूली-सा खुलासा भी सुरक्षा अभियान और जवानों की जान को जोखिम में डाल सकता है।

देश पुलवामा में सुरक्षा बलों के काफिले पर हुए आतंकी हमले की भयावहता देख चुका है और पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले की त्रासदी भी झेल चुका है। ऐसे अनुभव साफ बताते हैं कि संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को लेकर एक छोटी-सी चूक कितनी भारी पड़ सकती है। इसलिए पर्यटकों को यह समझना होगा कि जब सेना या सुरक्षा बल किसी रास्ते को बंद करते हैं या आगे बढ़ने से रोकते हैं, तो हर निर्णय के पीछे की वजह कैमरे के सामने बताना संभव नहीं होता। ऐसे में जवान से बहस करना, वीडियो बनाकर उस पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाना या सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा करना केवल असंवेदनशीलता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की गंभीरता को न समझ पाने का उदाहरण है। सुरक्षा के मामले में सहयोग और धैर्य ही समझदारी है, क्योंकि कई बार जिस खतरे को आम नागरिक देख नहीं सकता, उसे रोकने के लिए ही जवान वहां खड़ा होता है।

साथ ही वायरल हो रहे वीडियो में पर्यटक समूह के कुछ सदस्य यह कहते भी दिखाई देते हैं कि वे सैकड़ों किलोमीटर दूर से वहां पहुंचे हैं। लेकिन ऐसे लोगों को समझना होगा कि लंबी यात्रा किसी प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश का अधिकारपत्र नहीं बन जाती। यदि किसी क्षेत्र के लिए परमिट जरूरी है तो पहले उसकी जानकारी लेना और नियमों का पालन करना पर्यटक की जिम्मेदारी है। विशेष रूप से लद्दाख और अन्य संरक्षित सीमावर्ती क्षेत्रों में नियम परिस्थितियों और सुरक्षा स्थिति के अनुसार बदल सकते हैं। सैन्य प्रतिष्ठानों, चेक पोस्टों और रणनीतिक स्थानों पर फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी भी प्रतिबंधित हो सकती है। इस पूरे प्रकरण का सबसे चिंताजनक पहलू वह भाषा और रवैया है, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को व्यक्तिगत अधिकारों के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश दिखाई देती है। लोकतंत्र में सवाल पूछने का अधिकार है, लेकिन संवेदनशील सैन्य चौकी पर ऑपरेशन या सुरक्षा प्रतिबंध के दौरान बहस करके आदेश बदलवाने का अधिकार किसी को नहीं है। संसद, टैक्स या किसी पीढ़ी का नाम लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरतों को चुनौती देना न तो लोकतंत्र को मजबूत करता है और न ही नागरिक अधिकारों की रक्षा करता है। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली जोकि स्वाभाविक है। लोगों ने महिला पर्यटक और उसके साथियों के रवैये को अहंकारी और गैर-जिम्मेदाराना बताया है। जेन-जेड वाली टिप्पणी पर मीम्स भी बन रहे हैं, लेकिन इस घटना को केवल मनोरंजन के रूप में देखने की बजाय इससे एक गंभीर सबक लेने की जरूरत है। कैमरे के सामने हंगामा करके वायरल होना आसान है, लेकिन सीमा की सुरक्षा में एक छोटी-सी चूक की कीमत कितनी बड़ी हो सकती है, इसका अंदाजा वहां तैनात जवान को हमसे कहीं बेहतर है। यह चेतावनी केवल उस महिला पर्यटक के लिए नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के लिए है जो सोशल मीडिया की लोकप्रियता, व्यक्तिगत सुविधा या पीढ़ीगत पहचान के नाम पर सुरक्षा नियमों को हल्के में लेते हैं। राष्ट्र की सुरक्षा किसी हैशटैग, नारे या वायरल वीडियो के हिसाब से नहीं चल सकती। सीमा पर तैनात सैनिक को अपना काम करने दीजिए। यदि रास्ता बंद है तो रुकिए, यदि अनुमति चाहिए तो परमिट लीजिए और यदि सुरक्षा बल वापस लौटने को कहें तो सहयोग कीजिए। देखा जाये तो इस घटना ने एक जरूरी संदेश जरूर दे दिया है कि यात्रा का अधिकार जिम्मेदारी के साथ आता है और राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने व्यक्तिगत सुविधा का कोई दावा नहीं चल सकता। सीमा की हकीकत को सभी को समझना होगा। जेन जी हो या कोई भी हो, वर्दी का सम्मान कीजिए, प्रोटोकॉल का पालन कीजिए और याद रखिए, जवान आपकी आजादी रोकने के लिए नहीं, आपकी सुरक्षा और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वहां खड़े हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है। रोमांस में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को शिक्षा में उपलब्धि हासिल होने के योग हैं।

### वृष
लेनदारी वसूल होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है। आर्थिक उन्नति होगी। सामाजिक उत्तरदायित्व की पूर्ति करेंगे। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

### मिथुन
अतिथियों का आवागमन होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे। पारिवारिक सुख-शांति बरकरार रहेगी। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा।

### कर्क
तीर्थयात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग में महत्व बढ़ेगा।

### सिंह
संतान पक्ष की चिंता रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्च का बोझ बढ़ेगा। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें। व्यापार, नौकरी में अड़चनें आने से मनोबल में कमी आ सकती है। सुख के साधन जुटेंगे।

### कन्या
प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। बाहर सहायता से काम होंगे। प्रसन्नता रहेगी। संतान के संबंध में संतोष रहेगा। व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। पुरुषार्थ का पूर्ण फल मिलेगा। थकान रहेगी। शत्रु भय रहेगा।

### तुला
अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम उठाएं। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा। पुरुषार्थ सफल होगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखना चाहिए। व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। संतान की प्रगति होगी।

### वृश्चिक
सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा। पारिवारिक स्थिति आनंददायक रहेगी। भूमि व भवन की योजना बनेगी।

### धनु
यात्रा में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। दु:खद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें। परिवार की परेशानी का हल संभव है। भागीदारी के कामों में सफलता मिलेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मकर
कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होंगे। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। संतान की गतिविधियों पर नजर रखना होगी। कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है। वाद-विवाद से दूर रहें।

### कुंभ
विवाद व जल्दबाजी से बचें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं। नए कार्यों से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। धन का संग्रह होगा। मन प्रफुल्लित रहेगा।

### मीन
प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रयास सफल रहेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। मान-सम्मान मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी से बहस न करें। काम-धंधे में सफलता के शुभ संकेत हैं।

## स्वास्थ्य समाचार

# अनहेल्दी फूड खाने से ज्यादा बनती है पेट में गैस की समस्या, भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ऐसी चीजें

आयुर्वेद में स्वास्थ्य के तीन दोष बताए गए हैं। जिनमें पित्त, कफ और वात। वात का अर्थ वायु या गैस से होता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि शरीर में होने वाली बीमारियों का यही तीन मुख्य कारण है। बदलती जीवनशैली के कारण लोग अनहेल्दी खाना खाने लगते हैं। जिसके कारण देश की बड़ी आबादी गैस की समस्या से परेशान है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गैस की समस्या न सिर्फ पेट के लिए बल्कि कई दूसरी बीमारियों का भी कारण बन सकता है। गर्मी के मौसम में गैस और कब्ज की ज्यादा समस्या सामने आती है।

### क्या कहते हैं डॉक्टर्स

पेट में गैस बनने के प्रॉसेस को समझाते हुए बताते हैं कि पेट में दो तरह के बैक्टीरिया पाए जाते हैं। एक गुड बैक्टीरिया होता है और एक बैड बैक्टीरिया होता है। गुड बैक्टीरिया सामान्य स्थिति में सही मात्रा में गैस पार्टिकल बनाते हैं। इस दौरान जो पेट में पहुंचे खाने को पचाने का काम करता है। लेकिन जब कुछ खास तरीके के खाद्य पदार्थ जैसे फूड, ड्रिंक्स आदि गैस की समस्या को पैदा करती हैं। गैस के कारण छोटी आंत फूलने लगती है और पेट दर्द होने लगता है।

### कई हिस्सों को करता है प्रभावित

कई बार पेट में बनने वाली गैस ज्यादा होने पर वह शरीर के दूसरे हिस्सों में पहुंचने लगती है और उन हिस्सों को प्रभावित करने लगती है। जब हम कुछ ऐसा खाते हैं, जो आसानी से नहीं पच पाता है तो उसको पचाने के लिए शरीर ज्यादा गैस बनाने लगती है। वहीं कुछ लोगों का पाचन तंत्र इतना मजबूत होता है कि वह जो कुछ भी खाते हैं वह आसानी से पच जाता है। लेकिन आजकल के दौर में लोगों का पाचन तंत्र इतना ज्यादा मजबूत नहीं होता है। जब कुछ चीजों को पचाने के लिए पाचन तंत्र पर ज्यादा दबाव पड़ता है तो ऐसे में गैस-कब्ज की समस्या होने लगती है। मूली, बैंगन, खीरा, बींस, दूध, प्याज, कटहल, राजमा, अरबी, खट्टे फल, कैफीन और सोडा आदि चीजों के सेवन से गैस बनने लगती है।



### अनहेल्दी खानपान से बिगड़ता है संतुलन

पेट में गैस बनना एक नेचुरल प्रक्रिया है। खाने को पचाने के लिए यह जरूरी होता है। हालांकि डॉक्टर्स के अनुसार, एक हेल्दी व्यक्ति दिन में 14 से 20 बार गैस पास करता है। लेकिन हमारे शरीर में दिक्कत तब होने लगती है जब खाए हुए फूड या ड्रिंक्स गैस ज्यादा बनाने लगते हैं। इस कारण व्यक्ति को मितली, दर्द-ऐंठन, अपच और उल्टी आदि की समस्या भी हो सकती है। वहीं कई बार जब हमारे शरीर में काफी देर तक कुछ खाना नहीं जाता है, तब भी गैस बढ़ती जाती है। वहीं अधिक खाने और बार-बार खाने के कारण भी पेट में गैस की समस्या बनने लगती है।

**पेट में चली जाती है बाहर की हवा** : कई बार अक्सर देखने को मिलता है कि सही खानपान होने के बाद भी गैस की समस्या बनने लगती है। बता दें कि इसका कारण जल्दबाजी में खाने की वजह भी हो सकती है। तेजी से खाने के कारण निवाले के साथ बाहर की हवा भी हमारे पेट में पहुंच जाती है और पेट में ही फंस जाती है। जिसके कारण गैस की समस्या हो जाती है।

## ब्रेन पावर बढ़ाने के लिए खाएं यह आयुर्वेदिक हर्बल फूड्स

आज के समय में अधिकतर लोग वर्किंग होते हैं। कई बार आपने ये सुना होगा कि वर्कप्लेस में बहुत सारे कामों के बीच कोई काम करना भूल जाते हैं। या फिर दिमाग से कोई जरूरी काम स्लीप हो जाता हैं। इस भूलने की परेशानी के कारण कई बार हमें मुसीबत भी उठानी पड़ती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे फूड्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दिमाग को तेज करने के साथ मेमोरी पावर को बढ़ाने में भी मदद करेंगे। ये फूड्स शरीर को हेल्दी रखेंगे और इम्यूनिटी को भी मजबूत करेंगे। दिमाग और मेमोरी को बढ़ाने के लिए कुछ फूड्स का सेवन किया जा सकता हैं। इन फूड्स को खाने से याद रखने की क्षमता भी बढेगी और बीमारियों से शरीर का बचाव भी होगा।



### अश्वगंधा

अश्वगंधा के सेवन से शरीर की कई समस्याएं आसानी से दूर होती हैं। इसमें एंटी- स्ट्रेस एजेंट पाए जाते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं। अश्वगंधा खाने से दिमाग तेज होने के साथ डायबिटीज को कंट्रोल करने में मदद मिलती है और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम करता है।

### हल्दी

हल्दी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसमें भरपूर मात्रा में कैल्शियम, फाइबर, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट आदि पाए जाते हैं। इसके सेवन से दिमाग तेज होने के साथ शरीर भी स्वस्थ रहता है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन दिमाग को तेज करता है। ये शरीर की इम्यूनिटी पावर को भी बढ़ाते हैं।

### शंखपुष्पी

शंखपुष्पी शरीर के लिए फायदेमंद होती है। शंखपुष्पी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिमाग को तेज करने के साथ याददाशत को भी शार्प करने में भी मदद करता है। शंखपुष्पी के सेवन से डायबिटीज दूर होने में मदद मिलती है। शंखपुष्पी शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखने में मदद करती हैं।

### गोटू कोला

गोटू कोला शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके सेवन से तनाव कम होता है और मेमोरी भी शार्प होती है। गोटू कोला खाने से ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है और शरीर भी लंबे समय तक स्वस्थ रहता है। ये स्किन को भी पोषण देता है।

# एलोवेरा से बालों को सिल्की इन तरीको से बनाएं

एलोवेरा का इस्तेमाल स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा एलोवेरा आपको फिट और हेल्दी बनाए रखने में भी मदद करता है। एलोवेरा एक ऐसा प्लांट है, जिसका उपयोग सदियों से हेल्थ, त्वचा के साथ ही बालों को हेल्दी बनाए रखने के लिए किया जाता है। यही वजह है कि कई कॉस्मेटिक्स कंपनियां भी एलोवेरा इंग्रीडिएंट्स के प्रोडक्ट्स बनाती हैं। अगर बालों की बात करें, तो एलोवेरा बालों को मुलायम, खूबसूरत और चमकदार बनाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा एलोवेरा का उपयोग बालों को मॉइश्चराइज, हाइड्रेट करने के लिए भी किया जा सकता है। अगर आपके बाल रफ, बेजान हैं, तो आप एलोवेरा से अपने बालों को सिल्की और सॉफ्ट बना सकते हैं।

**बालों पर एलोवेरा जेल लगाएं** : अपने बालों को सिल्की बनाने के लिए आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप एलोवेरा पल्प लें, इसे अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएं। आधे से एक घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बालों को सिल्की बनाने के लिए आप हफ्ते में 2-3 बार एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपके बालों को नमी मिलेगी, साथ ही डैंड्रफ और इंफेक्शन से भी छुटकारा मिलेगा।

**बालों पर एलोवेरा शैंपू लगाएं** : एलोवेरा शैंपू की मदद से भी बालों को सिल्की बनाया जा सकता है। आप चाहें तो होममेड शैंपू बना सकते हैं या फिर मार्केट में मिलने वाले एलोवेरा रिच शैंपू का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। एलोवेरा शैंपू बालों से धूल-मिट्टी, प्रदूषण निकालने में मदद करता है, इससे बालों की चमक बढ़ती है। साथ ही बाल सिल्की और सॉफ्ट भी बनते हैं।

**बालों पर एलोवेरा स्प्रे लगाएं** : अपने बालों को सिल्की बनाने के लिए आप एलोवेरा का इस्तेमाल स्प्रे के रूप में भी कर सकते हैं। इसके लिए आप एलोवेरा जेल लें। इसे एक स्प्रे बोतल में डालें, इसमें गुलाब जल मिक्स करें। अब इसे अपने बालों पर अच्छी तरह से स्प्रे करें। आप चाहें तो इसे नहाने से पहले या फिर बाद में इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपके स्कैल्प का पीएच लेवल बैलेंस रहेगा, साथ ही बालों को नमी भी मिलेगी।

**बालों पर एलोवेरा हेयर मास्क लगाएं** : आप बालों पर एलोवेरा से बना हेयर मास्क भी अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आप एलोवेरा पल्प लें। इसमें नारियल तेल या अंडा मिक्स करें। अब इस हेयर मास्क को अपने बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह से लगाएं। आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे आपके बालों की ग्रोथ अच्छी होगी, साथ ही बाल मुलायम और चमकदार भी बनेंगे। बालों को सिल्की बनाए रखने के लिए आप सप्ताह में 2-3 बार एलोवेरा हेयर मास्क का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# जन्माष्टमी और शोभायात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 4 सितंबर को जयपुर के श्री गोविन्द देवजी मंदिर, इस्कॉन सहित शहर के अन्य मंदिरों में मनाया जाएगा। वहीं अगले दिन 5 सितंबर को सुबह नन्दोत्सव और शाम 4 बजे से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिला कलेक्टर ने नगर निगम अधिकारियों को मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफसफाई, प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट लगाने और बेसहारा पशुओं पर नियंत्रण के निर्देश दिए। परकोटे के प्रवेश द्वारों पर सजावटी रोशनी की व्यवस्था भी की जाएगी। यातायात पुलिस को भीड़ के मद्देनजर यातायात प्रबंधन के निर्देश दिए गए। जन्माष्टमी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते मोबाइल कनेक्टिविटी प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए बीएसएनएल के डीजीएम शहर को अतिरिक्त व्यवस्था करने को कहा गया। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति के साथ ट्रांसफार्मर और बिजली लाइनों के आसपास पेड़-पौधों की छंटाई कराने के निर्देश दिए गए। जेडीए और नगर निगम को मंदिरों व शोभायात्रा मार्ग पर बारिश से हुए गड्ढों की समय रहते मरम्मत कराने को कहा गया। प्रशासन की ओर से कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। अग्निशमन, एम्बुलेंस और चिकित्सा व्यवस्थाओं के साथ सुरक्षा इंतजामों के लिए संबंधित विभागों को मंदिर प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर दक्षिण युगांतर शर्मा को सभी विभागों के बीच समन्वय कर व्यवस्थाएं निर्धारित समय में पूरी कराने की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में नगर निगम, पुलिस, यातायात, चिकित्सा, बिजली, जलदाय, बीएसएनएलए जेडीए और मंदिर प्रशासन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नजर फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन का उद्घाटन आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में नजर फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन के पांचवें सीजन का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक किया जाएगा। तीन दिवसीय यह आयोजन जवाहर कला केंद्र में होगा। जिसे जयपुर के प्रमुख फोटोग्राफी आयोजनों में से एक के रूप में देखा जा रहा है। संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा शुक्रवार को सुबह 11 बजे करेंगे। प्रदर्शनी में देश-विदेश के साथ राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े फोटोग्राफर्स अपनी चुनिंदा तस्वीरें प्रदर्शित करेंगे। खास बात यह है कि इस आयोजन में फोटोग्राफी के साथ पेंटिंग को भी प्रमुख स्थान दिया गया है, जिससे कला की विभिन्न विधाओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। प्रदर्शनी में जयपुर एवं राजस्थान के जाने-माने फोटो जर्नलिस्ट, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक, विद्यार्थी तथा पेंटिंग आर्टिस्ट भी भाग ले रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खींची गई तस्वीरें भी दर्शकों के लिए प्रदर्शित की जाएंगी। देश-विदेश के विभिन्न स्थानों की खूबसूरत और अनूठी तस्वीरों के साथ कलाकारों की पेंटिंग्स दर्शकों को कला और फोटोग्राफी की विविधता से रूबरू कराएगी। कुमावत ने बताया कि यह ऐसा साझा मंच है, जहां फोटोग्राफर्स, फोटो जर्नलिस्ट और पेंटिंग आर्टिस्ट एक साथ अपनी कला को लोगों के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं। इसका उद्देश्य फोटोग्राफी और चित्रकला से जुड़े कलाकारों को एक मंच उपलब्ध कराने के साथ आमजन को बेहतरीन कला का अनुभव कराना है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। तीनों दिन दर्शकों के लिए विभिन्न गतिविधियों के साथ ढेरों इनाम जीतने के अवसर भी उपलब्ध होंगे। विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर आयोजित यह तीन दिवसीय आयोजन जयपुर में फोटोग्राफी, कला और रचनात्मकता के विविध रंगों को एक मंच पर प्रस्तुत करेगा।

# कॉपर में सीएनजी पम्प शुरू



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी टाउनशिप के आजाद मार्केट के पास स्थित इंडियन पेट्रोल पंप पर गुरुवार शाम सीएनजी पंप का शुभारंभ किया गया। पंप संचालक मनभरी देवी कटेवा व यशवर्धन ने फीता काटकर सीएनजी पंप का उद्घाटन किया। आईओसी चीफ मैनेजर सीताराम मीणा ने बताया कि सीकर और झुंझुनू जिले में खेतड़ी नगर सहित अब तक 36 सीएनजी पंप शुरू किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि पेट्रोल-डीजल की तुलना में सीएनजी का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को ईंधन खर्च में करीब 15 से 20 प्रतिशत तक की बचत हो सकती है। खेतड़ी क्षेत्र में सीएनजी पंप शुरू होने से स्थानीय लोगों के साथ दूसरे राज्यों की ओर जाने वाले वाहन चालकों को भी सुविधा मिलेगी। पंप संचालक मनभरी देवी ने बताया कि खेतड़ी क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु खाटूश्यामजी और सालासर बालाजी जाते हैं। सीएनजी वाहनों के सामने रास्ते में गैस भरवाने की समस्या रहती थी और कई बार इसके लिए हरियाणा तक जाना पड़ता था। अब खेतड़ी नगर में ही सीएनजी उपलब्ध होने से स्थानीय लोगों के साथ बाहर से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनका परिवार करीब 50 वर्षों से पेट्रोल पंप के माध्यम से क्षेत्रवासियों को सेवा दे रहा है। खेतड़ी क्षेत्र में सीएनजी सुविधा शुरू करना इसी सेवा को आगे बढ़ाने का प्रयास है। इस मौके पर आईओसी मैनेजर प्रवीण कुमार, उम्मेद सिंह, सहीराम सहित पंप स्टाफ एवं क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# 1 हजार 370 विद्यार्थियों को साइबर ठगी और महिला-बाल सुरक्षा के सिखाए गुर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में गुरुवार को जयपुर पूर्व पुलिस की ओर से महिला सुरक्षा, बाल अपराध रोकथाम और साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 1370 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षण स्टाफने हिस्सा लिया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महिला अपराध अनुसंधान सेल राजेश कुमार, सांगानेर एसीपीए मालपुरा गेट थानाधिकारी और महिला थाना जयपुर पूर्व की थानाधिकारी मंजू चौधरी ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए। अधिकारियों ने फिशिंग, ओटीपी और बैंकिंग फ्रॉड से सावधान रहने तथा सोशल मीडिया का सतर्कता से इस्तेमाल करने की जानकारी दी। विद्यार्थियों को महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े कानूनी अधिकारो,अपराध की स्थिति में पुलिस को सूचना देने और साइबर ठगी होने पर तत्काल शिकायत करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि युवाओं को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए स्कूल-कॉलेजों में ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

# महिला स्वास्थ्य एवं आत्मरक्षा पर छात्राओं को किया जागरूक

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के नोखा रोड स्थित सांवरमल सुशीला देवी सुथार राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य एवं महिला आत्मरक्षा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवी प्रसाद ने की।

उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी रितु कुंवर ने आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सजग, आत्मविश्वासी एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए तथा विपरीत परिस्थितियों में घबराने के बजाय साहस और आत्मविश्वास के साथ उनका सामना करना चाहिए। नेहा शर्मा ने महिला स्वास्थ्य विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए सजग एवं आत्मविश्वासी बनाना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी फैकल्टी सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में किया वृक्षारोपण



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर के परिसर में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पर्यावरण सहसंयोजक शिवपाल सिंह शेखावत द्वारा विद्यालय को 251 पौधे भेंट किए गए विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने शेखावत का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधो के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है बल्कि उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास परिसर में पौधरोपण कर विद्यार्थियों एवं उपस्थित स्टाफ ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर हरित विद्यालय प्रभारी कपिल कुमार, पीएमश्री प्रभारी ओमप्रकाश गुर्जर, शिशुपाल सिंह बिजारणियां, छात्रावास अधीक्षक झूमा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चरक संहिता के शास्त्रीय ज्ञान को आधुनिक शोध से जोड़ने पर दिया जोर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में संहिता एवं मौलिक सिद्धान्त विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय महर्षि चरक जयंती-2026 समारोह का बुधवार को समापन हुआ। 17 से 19 अगस्त तक चले समारोह में महर्षि चरक के आयुर्वेद में योगदान, चरक संहिता के मौलिक सिद्धांतों और वर्तमान स्वास्थ्य परिदृश्य में उनकी प्रासंगिकता पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। समारोह में आयुर्वेद विद्वान प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़, संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. पी. हेमन्ता, प्रो. निशा गुप्ता, प्रो. असित पांजा, प्रो. शैलजा, डॉ. विद्याधीश काशीकर, डॉ. अभिजीत कुंभार, डॉ. प्रवीण कुमार बीए डॉ. अंकित भारद्वाज और अनिल शर्मा सहित विशेषज्ञों ने सहभागिता की। विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य संरक्षण, रोग निवारण और प्रभावी उपचार में आयुर्वेद की भूमिका पर चर्चा की। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि महर्षि चरक की वैज्ञानिक और तर्कसंगत चिकित्सा दृष्टि आज भी प्रासंगिक है। शास्त्रीय आयुर्वेद ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और साक्ष्य आधारित दृष्टिकोण से जोड़कर आयुर्वेद की वैश्विक संभावनाओं को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने युवा शोधार्थियों को इस दिशा में आगे बढ़ने पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. निशा गुप्ता ने कहा कि चरक संहिता के सिद्धांत चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, स्वास्थ्य संरक्षण और रोग निवारण में आज भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देते हैं। समारोह में शलाका, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और व्याख्यान श्रृंखला जैसी अकादमिक प्रतियोगिताएं भी हुईं। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## सृष्टि ने एमजेडी महाविद्यालय के पुस्तकालय को भेंट की एसी

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** नोएडा निवासी ग्राफिक डिजाइनर सृष्टि ने मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर के पुस्तकालय में विद्यार्थियों की अध्ययन सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से डॉ हंसराज परिहार के आग्रह पर एक अत्याधुनिक एसी भेंट किया है। गर्मी के मौसम में पुस्तकालय में नए एसी के लगने से अब छात्र-छात्राएं अधिक आरामदायक और अनुकूल माहौल में पढ़ाई कर सकेंगे, जिससे उनकी एकाग्रता और शैक्षणिक प्रदर्शन दोनों में सुधार की उम्मीद है। महाविद्यालय प्रशासन ने इस उदार सहयोग के लिए सृष्टि के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ मूलचंद ने कहा कि एसी की सुविधा से विद्यार्थियों को अब बेहतर माहौल मिलेगा और वे अपने लक्ष्य पर और अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।

# बरसाती पानी हटवाने की मांग



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पूर्व पार्षद राकेश प्रजापत के नेतृत्व में नाथोतालाब मोहल्ले के निवासियों ने एक ज्ञापन नगर परिषद सहायक अभियंता को आयुक्त के नाम सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि जाजोदिया स्कूल के पास वृद्ध आश्रम की ओर जाने वाले रास्ते पर 15-20 दिनों से पानी भरा होने के कारण आम नागरिकों, स्थानीय निवासियों तथा राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जल्द से जल्द इस पानी की निकासी की व्यवस्था की जावे। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोहल्ले के अनेक लोग मौजूद रहे।

# पिता की पुण्य स्मृति में विद्यालय को भेंट की अलमारी



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम गिरधारी सिंह का बास स्थित राजकीय विद्यालय में स्वर्गीय महादेव राम बाजिया की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र एडवोकेट प्रकाश बाजिया ने विद्यालय को अलमारी भेंट कर अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षा के मंदिर में किया गया यह सेवा कार्य महादेव रामजी बाजिया की स्मृतियों को सदैव जीवंत रखने वाला प्रयास है।

एडवोकेट प्रकाश बाजिया ने कहा कि उनके पिताजी महादेव राम बाजिया सदैव सेवा, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा रहे हैं। उनकी पुण्य स्मृति में विद्यालय को अलमारी भेंट करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं में सहयोग करना उनके लिए केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि पिता की स्मृति को सम्मान देने का माध्यम है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालय परिवार को भविष्य में जब भी किसी प्रकार की आवश्यकता होगी, वे हमेशा विद्यालय के साथ खड़े रहेंगे और अपनी सामर्थ्य के अनुसार हरसंभव सहयोग करते रहेंगे। विद्यालय परिवार ने स्वर्गीय महादेव राम बाजिया की पुण्य स्मृति में किए गए इस सेवा कार्य के लिए एडवोकेट प्रकाश बाजिया का आभार व्यक्त किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया यह योगदान समाज के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी, राकेश कुमार सैनी, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन एवं मानवाधिकार सुरक्षा संगठन, आईटी प्रभारी भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, अध्यक्ष एबीवीपी, श्रीमाधोपुर, सीकर एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा की बैठक आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा-तारानगर की बैठक सेडूराम बाकोलिया गेस्ट हाउस में पालाराम जिंदल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ पेंशनर लखपत भाकर की माताजी किस्तूरी देवी एवं पालाराम के भतीजे मोहरसिंह के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकरशौक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया। बैठक में आरजीएचएस से सम्बंधित समस्या के समाधान की जानकारी दी गई। पेंशनर भवन हेतु भूमि आंवटन की प्रक्रिया से सम्बंधित प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक में पेंशनर समाज के नये सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस माह में जन्मदिन वाले डॉ मातुसिंह राठौड़, कन्हैयालाल चायल, लालचंद खाती, मनीराम सुथार, मनीराम भांमी, कृष्ण कुमार भार्गव की तरफ से मिठाई खिलाई गई व संगठन की तरफ से मोमेंटो व माल्यार्पण कर दीर्घायु की कामना की गई। बैठक में डॉ मातुसिंह राठौड़ द्वारा गायन के रूप में, पृथ्वीराज बेनीवाल, सुलतानसिंह पूनियां द्वारा भजन के रूप में, मनीराम सुथार द्वारा विचार व्यक्त किये गये।

इस अवसर पर राजनीति में भाग लेने, आंखों का शिविर आयोजित करने, एआई की जानकारी एवं स्वास्थ्य विषयक बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बैठक में परसाराम शर्मा, जयप्रकाश स्वामी, सेडूराम बाकोलिया, रूपराम बेनीवाल, किस्तूरचंद मोठसरा, विनोद कुमार शर्मा, सुभाषचंद्र शर्मा, भंवर खां इत्यादि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन शाखा सचिव रामस्वरूप सहारण द्वारा किया गया।

## लाखों की हेरोईन जब्त, तीन गिरफ्तार

श्रीराम तिवाड़ी

नोखा (नवयत्न)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन नीलकंठ के तहत नोखा पुलिस ने कारवाई करते हुए लाखों रूपए की 145 ग्राम शुद्ध हेरोइन के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मादक पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त शिफ्ट कार भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर ओम प्रकाश आईपीएस एवं जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनवारी लाल मीणा तथा नोखा वृत्ताधिकारी जनरैल सिंह के निकट सुपरविजन में यह कारवाई की गई। नोखा थानाधिकारी गोविंद सिंह चारण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए रोड़ा निवासी श्रवणराम, लक्ष्मण राम और श्री राम विश्नोई को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। प्रकरण का अनुसंधान जसरासर थानाधिकारी राकेश स्वामी द्वारा किया जा रहा है।


# सरहद पर तैनात सैनिकों के नाम लिखे खत, बालिकाओं ने बनाई हस्तनिर्मित राखियां

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की गुड शेफर्ड पब्लिक स्कूल में भारतीय डाक विभाग की ओर से चलाए जा रहे राखी से रक्षा अभियान के तहत सैनिकों के सम्मान में पत्र लेखन एवं हस्तनिर्मित राखी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देश की सरहदों पर तैनात सैनिकों के नाम पत्र लिखे और आकर्षक राखियां तैयार की। अभियान के तहत बालिकाओं ने 100 से अधिक हस्तनिर्मित राखियां तैयार करके सैनिकों के लिए पोस्ट की। हेड पोस्टमास्टर ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल लक्ष्य प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में कलात्मकता, रचनात्मकता और देशभक्ति की भावना को विकसित करना भी है। इसी उद्देश्य से हस्तनिर्मित राखी एवं सैनिकों के नाम पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक विभाग इस अभियान के माध्यम से बच्चों की भावनाओं को देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक पहुंचाने में सेतु की भूमिका निभा रहा है। संस्था प्रधान लता गोस्वामी ने कहा कि सैनिकों के सम्मान और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाले इस तरह के देशभक्ति से ओतप्रोत आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार जताया। इस अवसर पर जयललिता वर्मा, डाक सहायक सौरव रक्षक, मंजू गहलोत, योगेश सोनी, भरत शर्मा, रतनी चौधरी, वैशाली सोनी, हेमलता भाटी, भावना जांगिड़, ममता शर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राजीव गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस जनों किया याद



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री संचार क्रांति के जनक राजीव गांधी के जन्मदिन पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के संगठन महासचिव भंवरलाल जसैल, महासचिव अरविंद चाकलाण, दिन मोहम्मद ठौलिया, गिरधारीलाल खटीक, रामवीर रायका, साबिर तेली, ब्लॉक अध्यक्ष विद्याधरसिह बेरवाल, गुगन राम दानोदिया, एडवोकेट हरिश जसैल, सचिव विजय कुमार माली, अब्दुल कलाम, शोएब कुरेशी आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

# बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में बताया

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण तारानगर के आदेशानुसार पीएलवी राकेश कल्ला ने ग्राम लखनवास के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे अभियान के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लखनवास में कार्यशाला आयोजित करके बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में बताया कि अगर बच्चों के साथ स्कूल या कहीं रास्ते में गलत व्यवहार होता है तो वह शर्माए नहीं और डरे नहीं तुरंत अपने स्कूल के टीचर व माता-पिता को इसकी सूचना दे और पुलिस में भी इसकी रिपोर्ट करें।

ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ में विधिक साक्षरता की जानकारी भी होनी अति आवश्यक है जैसे बाल विवाह का विरोध करना, बाल अपराध, यौन अपराध के विरुद्ध अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ ने सहयोग किया।

# घर पर बनाएं काजल, लिपस्टिक, नाइट क्रीम जैसे ये ब्यूटी प्रोडक्ट्स, स्किन को मिलेगी केमिकल-फ्री ब्यूटी

स्किन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए कई लोग मार्केट में मौजूद ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। इन ब्यूटी प्रोडक्ट्स से आपकी खूबसूरती में काफी ज्यादा निखार आता है। लेकिन इससे स्किन को नुकसान पहुंचने का खतरा भी रहता है। खासतौर पर अगर आपकी स्किन सेंसटिव है, तो केमिकल युक्त ब्यूटी प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से स्किन को नुकसान पहुंचने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में अगर आप अपने चेहरे की खूबसूरती को मेकअप से बढ़ाना चाहते हैं, तो घर पर तैयार ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। जी हां, आप काजल, लिपस्टिक जैसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स घर पर तैयार कर सकते हैं।



**घर पर तैयार करें बादाम का काजल :** घर पर आप केमिकल फ्री काजल तैयार करने के लिए एक मोमबत्ती लें। इसके बाद बादाम को मोमबत्ती के आंच के पास तब तक रखें, जब तक यह जलने न लगें। इसके बाद इसके ऊपर एक चम्मच को उल्टा करके रखें। कुछ देर तक बादाम को जलने दें। आप देखेंगे कि चम्मच पर कार्बन जमा होने लगा है। अब इसे इकट्टा कर लें। इसमें थोड़ा सा नारियल तेल मिक्स कर लें। लीजिए आपका काजल तैयार है। अब इसे आप नियमित रूप से अपनी आंखों में लगा सकते हैं।

**नैचुरल लिपस्टिक :** कई महिलाएं अपनी होठों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए लिपस्टिक का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप अपने होंठों को प्राकृतिक रूप से आकर्षक बनाना चाहते हैं, तो होममेड लिपस्टिक का इस्तेमाल कर सकते हैं। होममेड लिपस्टिक को तैयार करने के लिए बराबर मात्रा में मोम, शिया बटर और नारियल तेल लें। अब इसे बिना अच्छे से गर्म करें। जब तेल पूरी तरह से पिघल जाए, तो इसे आंच से उतार लें। इसके बाद इसमें एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे डालें। वहीं, इसका कलर बदलने के लिए आप इसमें ऑर्गेनिक ऑर्गेनिक कोको पाउडर, दालचीनी, हल्दी इत्यादि का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह लिपस्टिक आपके होंठों को नैचुरल खूबसूरती देने के साथ-साथ होठों को हाइड्रेट रखता है। साथ ही इससे साइड-इफेक्ट होने का खतरा भी नहीं रहता है।

### हाइड्रेटिंग बॉडी लोशन

घर पर आप हाइड्रेटिंग बॉडी लोशन भी तैयार कर सकते हैं। लोशन को तैयार करने के लिए 1/2 कप बादाम का तेल, 1/4 कप नारियल का तेल, 1/4 कप मोम और 1 चम्मच विटामिन ई तेल को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद सभी सामग्री को कुछ समय के लिए मध्यम आंच पर पकाएं। जब सभी सामग्री पूरी तरह से पिघल जाए, तो इसे किसी जार में डालकर बंद करके रख लें। अब जब भी आपको ड्राईनेस फील हो, तो आप इस लोशन को अपनी स्किन पर लगा सकते हैं। इससे स्किन काफी सॉफ्ट महसूस करेगा।

**होममेड नाइट क्रीम :** स्किन को पोषण देने के लिए नाइट क्रीम काफी जरूरी होता है। इस क्रीम को तैयार करने के लिए एक बाउल में एवोकाडो को अच्छी तरह से मैश कर लें। अब इसमें दही डालकर इसे अच्छी तरह के ब्लेंड करें। अब इसे एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करके रखे। रात में सोने से पहले इस क्रीम को आप लगाएं। इससे स्किन की खूबसूरती बढ़ेगी।

### प्राइमर मेकअप

मार्केट में मौजूद प्राइमर आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर आप स्किन पर प्राइमर का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो घर पर भी प्राइमर तैयार कर सकते हैं। प्राइमर तैयार करने के लिए एक कटोरी में 3 टेबलस्पून पानी लें। अब इसमें 1 टेबलस्पून एलोवेरा जेल और 2 बूंदें बादाम तेल डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। अब इस मिश्रण को मेकअप करने से पहले अपने चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी स्किन को नुकसान पहुंचने का खतरा कम रहता है।

# एंडोमेट्रियोसिस के लक्षणों को कम करने में मददगार हैं ये फूड्स, डाइट में करें शामिल

एंडोमेट्रियोसिस एक बेहद दर्दनाक रोग है। यह समस्या तब पैदा होती है जब ओवरी, बाउल और पेल्विस की लाइनिंग के टिश्यू पर एंडोमेट्रियल टिश्यू का विकास होने लगता है। एंडोमेट्रियोसिस की स्थिति में गर्भाशय की लाइनिंग बनाने वाले टिश्यू से मिलता हुआ टिश्यू गर्भाशय से बाहर निकलने लगता है। एंडोमेट्रियोसिस के कारण महिलाओं को गंभीर दर्द का अनुभव होता है खासकर पीरियड्स के दौरान, साथ ही गर्भधारण करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन अच्छी बात यह है कि कुछ फूड्स एंडोमेट्रियोसिस को मैनेज करने में आपकी मदद कर सकते हैं। जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा! एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें गर्भाशय की परत बनाने वाले टीश्यू का विकास होता है। अपने आहार में कुछ परिवर्तन करने से एंडोमेट्रियोसिस के लक्षणों को प्रबंधित करने में मदद मिल सकती है जैसे कि पैल्विक क्षेत्र में दर्द और पीरियड्स के दौरान दस्त आदि।



### ओमेगा 3 फैटी एसिड रिच फूड्स :

एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित महिलाओं की डाइट में पर्याप्त मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड रिच फूड्स को शामिल करके दर्द और सूजन की गंभीरता को कम किया जा सकता है। यह प्रोस्टाग्लैंडीन के उत्पादन के कारण होता है, जिसमें हार्मोन जैसे प्रभाव होते हैं। अपने आहार में मछली, मछली का तेल और अलसी के बीज जैसे ओमेगा रिच फूड्स को शामिल करने का प्रयास करें!

### फाइबर से भरपूर फूड्स :

फाइबर शरीर से अतिरिक्त एस्ट्रोजन को निकालने में मदद करता है। एस्ट्रोजेन एक बहुत ही आवश्यक हार्मोन है, लेकिन यह बहुत अधिक एंडोमेट्रियोसिस में एक उत्तेजक कारक हो सकता है। यदि आपके आहार में फाइबर की मात्रा कम है, तो इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि आपको कब्ज है साथ ही आपके एस्ट्रोजन का स्तर सामान्य से अधिक है। सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त सलाद, हरी पत्तेदार सब्जियां और फल खाएं।

### मैग्नीशियम से भरपूर फूड्स :

मैग्नीशियम मांसपेशियों को आराम देने वाले एजेंट के रूप में कार्य करता है और पीरियड्स के दौरान ऐंठन को कम करने में मदद कर सकता है। कुछ मैग्नीशियम युक्त खाद्य पदार्थों में डार्क चॉकलेट, हरी पत्तेदार सब्जियां, नट्स और बीज शामिल हैं। सुनिश्चित करें कि आप अपने आहार से पर्याप्त मैग्निशियम प्राप्त कर रहे हैं।

### कम FODMAP वाला आहार :

कम FODMAP वाला आहार आंतों की परेशानी के लक्षणों को कम करने के लिए इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम वाले लोगों के लिए है, क्योंकि इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम वाले लोगों में एंडोमेट्रियोसिस के लक्षणों की गंभीरता बढ़ सकती है। इस डाइट में आपको गेहूं, राई, फलियां, लहसुन, प्याज, दूध, दही, नरम पनीर, शहद, कम कैलोरी वाले मिठास और कुछ विशिष्ट फलों जैसे खाद्य पदार्थों से बचना होता है। इसलिए यदि आप एंडोमेट्रियोसिस के साथ-साथ एक संवेदनशील आंत से पीड़ित हैं, तो कम स्न्हछ्क्क वाला आहार वास्तव में संबंधित लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।

### जिंक रिच फूड्स

जब आपके मासिक धर्म चक्र को प्रबंधित करने की बात आती है तो जिंक एक महत्वपूर्ण मिनरल है। यह प्रोजेस्टेरोन उत्पादन को बढ़ावा देकर हार्मोनल संतुलन में मदद करता है, जो अंततः शरीर में एस्ट्रोजन के स्तर को संतुलित करेता है। यह हार्मोनल संतुलन बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर यदि आप एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित हैं। समुद्री भोजन, चिकन, बीन्स जैसे फूड्स को डाइट में शामिल करने पर विचार करें। अगर आपके शरीर में जिंक की कमी है तो आप अपने डॉक्टर से सलाह लेकर कुछ सप्लीमेंट्स भी ले सकते हैं।

## फैटी लिवर की बीमारी से हैं पीड़ित तो आज ही आजमाएं ये घरेलू नुस्खे

आजकल अनहेल्दी लाइफस्टाइल, तनाव और खाने-पीने की गलत आदतों की वजह से ज्यादातर लोग कई बीमारियों से पीड़ित हैं। इन्हीं बीमारियों में से एक बीमारी है फैटी लिवर की। आज के समय में हर पांच व्यक्ति में से एक व्यक्ति फैटी लिवर की से पीड़ित है। इस बीमारी में लिवर में फैट जमा होने लगता है और लिवर सूज जाता है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को कई परेशानियां झेलनी पड़ती है। यह बीमारी अधिकतम लोगों को कोई शारीरिक हानि नहीं पहुँचाती है पर विशेषज्ञों की मानें तो फैटी लिवर की बीमारी से पीड़ित 1% लोगों का लिवर 15 से 20 साल बाद ख़राब होकर फैल हो सकता है। इसलिए वक्त रहते इस बीमारी को नियंत्रित करना बहुत जरुरी है।



**हल्दी :** फैटी लिवर की बीमारी से राहत दिलाने के लिए हल्दी भी एक अच्छा उपाय है। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं जो लिवर सेल्स को ख़राब होने से बचाते हैं। इसके अलावा हल्दी हमारे शरीर को हानिकारक पदार्थों से बचाने का भी काम करती है।

**एलोवेरा :** एलोवेरा कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर होती है। इसका सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करके उन सभी हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है जो लिवर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। एलोवेरा लीवर डिसऑर्डर, एनीमिया, पीलिया जैसी अन्य लिवर की बीमारियों में भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है।


**भूमि आंवला :** फैटी लिवर की बीमारी में भूमि आंवला का सेवन करने से कई फायदे मिलते हैं। यह एंटीपीयरेटिक और एंटीमलेरिया गुणों से भरपूर होते हैं जो लिवर की काम करने की शक्ति को बढ़ाने में मदद करते हैं। इसके अलावा भूमि आंवला के सेवन से लिवर की सूजन और पीलिया जैसी समस्या भी ठीक हो जाती है।

**नट्स :** नट्स का सेवन करने से भी फैटी लिवर की समस्या से बचाव हो सकता है। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि नियमित रूप से नट्स का सेवन करने से लीवर एंजाइम के स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। कुछ अध्ययनों में यह भी पता चला है कि अखरोट अमीनो एसिड, ग्लूटाथियोन और ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं और लिवर के के कार्य में सुधार करते हैं।

**लहसुन :** लहसुन एंटी बैक्टीरियल गुणों और सेलेनियम से भरपूर होता है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से लीवर के डिटॉक्स एंजाइम सक्रिय हो जाते हैं और प्राकृतिक रूप से हानिकारक पदार्थ बाहर निकलने लगते हैं। इसके अलावा लहसुन खाने से हमारे शरीर को और भी कई फायदे मिलते हैं।

# लैपटॉप पर लगातार काम करने से हो रहा है सिरदर्द? तो अपनाये ये आसान उपाय जल्द मिलेगा आराम

कोरना वायरस ने कई मायनों में हमारी जिंदगी बदल दी है। सिर्फ मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग ही नहीं वर्क फ्रॉम होम जैसे शब्द भी हमारे लिए नए थे लेकिन वायरस से बचने के लिए हमें वर्क फ्रॉम होम को भी अपनाना पड़ा। अब इस व्यवस्था ने लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। ऑफिस जाने के दौरान लोग बहुत सी शारीरिक गतिविधियां कर लेते थे लेकिन वर्क फ्रॉम होम में एक जगह बैठे-बैठे काम करना तमाम लोगों के लिए बीमारियों और दर्द का कारण बन रहा है। इनमें से ही एक समस्या सिरदर्द की भी है। लैपटॉप पर लगातार काम करने की वजह से लोगों में सिरदर्द की परेशानी आम होती जा रही है। सिरदर्द की वजह से लोगों में गुस्सा और चिड़चिड़ापन भी देखने को मिल रहा है। ठीक से सोने के बाद भी कभी-कभी सिरदर्द नहीं जाता है बल्कि नींद से जागते ही फिर से लोगों का सिरदर्द होने लगता है। इसकी एक वजह कैफीन का अधिक सेवन हो सकता है। दरअसल काम के दौरान भी कई लोगों को कॉफी पीने की आदत होती है और ज्यादा कैफीन का सेवन करने से आपको नींद भी अच्छे से नहीं आती और सोकर उठने के बाद भी आपके सिर में दर्द बना रह सकता है। हालांकि इससे आपको घबराने की जरूरत नहीं है। कुछ आम उपाय और बदलाव करके आप अपने वर्क फ्रॉम होम को आसान बना सकते हैं।



### उठते ही न शुरू कर दें काम

कई लोग को वर्क फ्रॉम होम में ऑफिस का काम शुरू करते समय उठते हैं और उठते ही लैपटॉप खोलकर बैठ जाते हैं। ये आदत आपके लिए घातक साबित हो सकती है। दरअसल रात के एक लंबे गैप के बाद आपके शरीर को फ्रेश होने और कुछ एक्सरसाइज करने की जरूरत होती है। इससे न केवल शरीर बल्कि मन-मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। जब आप फ्रेश होकर और हल्का नाश्ता करके काम करने बैठते हैं, तो काम भी अच्छे से होता है और सिरदर्द की परेशानी भी नहीं होती है।

### तुलसी रखे तरोताजा

काम के दौरान अगर आपको चाय-कॉफी पीने की आदत है, तो आप तुलसी और अन्य हर्ब्स से बनी चाय का सेवन कर सकते हैं। इससे आपको सिरदर्द में आराम मिलेगा और ये आप स्वास्थ्य के लिए भी काफी अच्छा रहेगा। बेहतर नींद के लिए तुलसी की चाय उत्तम है।

### ज्यादा स्ट्रेस में काम न करें

कई लोग काम के दौरान किसी भी बात का बहुत ज्यादा स्ट्रेस ले लेते हैं। जैसे इंटरनेट की समस्या होने पर या फाइल तैयार न होने पर उनमें बेचैनी होने लगती है। इस वजह से भी कई लोगों को लैपटॉप पर बैठे-बैठे सिरदर्द होने लगता है क्योंकि आप अन्य बातों की अधिक चिंता कर रहे हैं। इसके लिए आपको टेंशन फ्री होकर काम करने की जरूरत है। संभव हो तो कुछ काम आप रात में ही करके रख सकते हैं ताकि काम के दौरान आपको ज्यादा परेशानी न हो।

### ब्रेक लेना है जरूरी

वर्क फ्रॉम होम में लगातार बैठकर या लेटकर काम करने से आपको परेशानी हो सकती है। इससे सिरदर्द की समस्या काफी बढ़ सकती है। इसलिए छोटे-छोटे अंतराल पर ब्रेक लें। कुछ खाते-पीते रहें। इसके अलावा आप अपनी आराम चेयर पर बैठकर संगीत भी सुन सकते हैं। इससे भी सिरदर्द में काफी आराम मिलता है।

### लैपटॉप की ब्राइटनेस रखें कम

कई लोग लैपटॉप की ब्राइटनेस बहुत ज्यादा बढ़ाकर काम करते हैं। इससे भी सिर में तेज दर्द होने लगता है इसलिए हमेशा काम करते समय अपने लैपटॉप की ब्राइटनेस को कम रखें। साथ ही ओवरहेड लाइट से भी बचें। हो सके तो रूम में डीम लाइट लगाएं।

### लैपटॉप स्क्रीन को बहुत ध्यान से न देखें

बहुत से लोग काम के दौरान इतने मशगूल हो जाते हैं कि वे लगातार लैपटॉप स्क्रीन को देखते हैं और काम करते रहते हैं। इससे आंखों में ड्राइनेस, जलन और सिरदर्द की परेशानी हो सकती है। हमेशा लैपटॉप को गौर से देखने की बजाय प्रत्येक 10 मिनट में स्क्रीन से नजर हटाकर कहीं और देखें।

### फॉन्ट साइज रखें बड़ा

अपने लैपटॉप में आप फॉन्ट साइज बड़ा रखें ताकि आपको बहुत ध्यान से लैपटॉप देखने की जरूरत न पड़े। साथ ही काम करते वक्त चश्मा जरूर लगाएं।

## डिग्गी पदयात्रा में हादसा टला : बावड़ी में डूबे पदयात्री को कांस्टेबल ने बचाया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री डिग्गी कल्याण जी महाराज की 61वीं लक्खी पदयात्रा के दौरान गुरुवार को जयपुर ग्रामीण जिले के फागी में बड़ा हादसा टल गया। जहां सीताराम मंदिर के पास बावड़ी में नहाते समय पैर फिसलने से 18 वर्षीय पदयात्री गहरे पानी में डूबने लगा। वहां मौके पर तैनात कांस्टेबल ने वर्दी में ही बावड़ी में छलांग लगाकर उसकी जान बचा ली। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि गोविंदगढ़ के निवाना निवासी दिव्यांश पदयात्रा में शामिल था। फागी में सीताराम मंदिर के पास बावड़ी की सीढ़ियों पर नहाते समय अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में जा गिरा। उसे डूबता देखकर पदयात्रियों ने शोर मचाकर मदद मांगी। आवाज सुनकर पदयात्रा की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय दूदू के कांस्टेबल मुकेश कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए वर्दी सहित बावड़ी में छलांग लगा दी और कड़ी मशक्कत के बाद दिव्यांश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कांस्टेबल की तत्परता और साहस की मौके पर मौजूद पदयात्रियों और दिव्यांश के परिजनों ने सराहना की। पदयात्रा की सुरक्षा व्यवस्था अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा, वृत्ताधिकारी फागी अनिल कुमार डोरिया और थानाधिकारी पुष्पेन्द्र बंसीवाल की निगरानी में की जा रही है। गौरतलब है कि 61वीं डिग्गी पदयात्रा 18 अगस्त को जयपुर के ताड़केश्वर मंदिर से रवाना हुई थी और 22 अगस्त को टोंक जिले के श्री डिग्गी कल्याण मंदिर पहुंचेगी।

## एसकेआईटी में नवप्रवेशित इंजीनियर्स का भव्य स्वागत, शुभागमन से हुई नई शुरुआत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एसकेआईटी में गुरुवार को बीटेक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए भव्य शुभागमन ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान के अकादमिक नियम, क्लब, टेक्निकल फोरम और व्यक्तित्व विकास के अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम नई ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहा। आरजे सूफी ने भी स्टूडेंट्स के साथ जमकर इंटरैक्शन किया एवं नए सत्र के लिए उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएसआईआर-सीरी पिलानी के पूर्व निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया रहे। उन्होंने कहा कि देश के विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है। युवा इंजीनियर अपनी तकनीकी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समस्याओं के समाधान में करें। विशिष्ट वक्ता इंडियन एक्सप्रेस के हेड ऑफ हिंदी डिजिटल एंड वीडियो स्ट्रेटेजी सौरभ द्विवेदी ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत विकास, आत्मविश्वास और संवाद कौशल का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सफलता केवल डिग्री से नहीं, निरंतर सीखने, सही दृष्टिकोण और अनुशासन से मिलती है। समय के साथ खुद को बदलना ही सबसे बड़ी लर्निंग है। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन सुरजाराम मील, वाइस चेयरमैन अनिल बाफना, डायरेक्टर जयपाल मील, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. एस.एल. सुराना, रजिस्ट्रार रचना मील, प्रिंसिपल डॉ. रमेश पचार, डीन डॉ. आर.के. जैन और प्रथम वर्ष इंचार्ज डॉ. संगीता चौधरी सहित फैकल्टी मौजूद रही।

## 40 बालिकाओं ने त्रिवेणी धाम से लाकर टपकेश्वर धाम पर चढ़ाई डाक कावड



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रावण मास में भगवान शिव भोले के प्रति सच्ची भक्ति एवं अटूट श्रद्धा दिखाते हुए इलाके के गांव झरिंडा की बालिकाओं ने गुरुवार को त्रिवेणी धाम से टपकेश्वर धाम पर डाक कावड़ चढ़ाई। टपकेश्वर धाम के ग्रामीणों ने बताया कि झरिंडा गांव की 40 बालिकाओं ने सवा दो घंटे में 50 किलोमीटर दौड़कर टपकेश्वर धाम पर डाक कावड़ चढ़ाई। बालिकाओं के अदम्य साहस एवं उत्साह के इस अनुपम अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिकों ने बालिकाओं का भव्य तरीके से स्वागत अभिनंदन सम्मान किया और उनकी अगुवानी में जगह-जगह पर जलपान की व्यवस्था की और बालिकाओं की हृदय से सराहना की। क्षेत्र के ग्रामीण लोगों को बालिकाओं की धार्मिक आस्था और दिलेरी का अद्भुत संगम देखने को मिला।




### नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री जिया के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम सहवन से अन्नू देवी दर्ज हो गया। जबकि अन्य दस्तावेज में वास्तवीक नाम अन्नू कुमारी दर्ज हैं, जो सही एंव सत्य हैं। मेरी पुत्री के स्कूल रिकार्ड में अन्नू कुमारी दर्ज करवाना चाहती हूं।

**अन्नू कुमारी पत्नी कपिल कुमार निवासी महरमपुर तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं ( राजस्थान )**

### Name change

I have changed my name from Satyveer to Satyveer Singh. In the future, I should be known and recognized as Satyveer Singh, son of Shri Madu Ram Gurjar, resident of Bansiyal, Tehsil Khetri, District Jhunjhunu (Rajasthan)

### Gram Panchayat Jyak
### Panchayat Samiti Bidasar(Churu)

S.N.:-135-139 Date: 20.08.2026

**Corrigendum E-Tender 05/2026-27**

The detailed information regarding this tender can be viewed and downloaded from web site http://eproc.rajasthan.gov.in or http://sppp.rajasthan.gov.in.
NIB Code ZCR2627A0785
UBN-ZCR2627WSOB01158

Prashasak — Village Devploment Officer
Gram Panchayat Jyak — Gram Panchayat Jyak

# निकाय चुनाव में जमीनी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता, भाजपा ने जीत के लिए झोंकी ताकत

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी की बैठक में प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार ने चुनाव को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से मैदान में उतरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता से सीधा संवाद स्थापित कर सरकार के विकास कार्यों और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। अजेय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे, तकनीक और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित राजस्थान का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब राजस्थान के शहर और नगर भी तेजी से विकसित होंगे। उन्होंने भाजपा को शहरों के समग्र विकास की क्षमता रखने वाली पार्टी बताते हुए कांग्रेस शासन पर कुशासन, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता को जवाबदेह, पारदर्शी और संवेदनशील नगर शासन उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि नगर निगमों के लिए 10 करोड़ रुपए, नगर परिषदों के लिए 3 करोड़ और नगर पालिकाओं के लिए 1 करोड़ रुपए का फंड उपलब्ध कराया गया है। इससे स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। बैठक में टिकट वितरण को लेकर भी मंथन हुआ। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि ऐसे कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय हैं, जनता के बीच स्वीकार्यता रखते हैं, जिनकी छवि साफ-सुथरी है और जो संगठन के प्रति समर्पित हैं। कार्यकर्ता की मेहनत, निष्ठा और जमीनी सक्रियता को टिकट का प्रमुख आधार बताया गया। अजेय कुमार ने कहा कि भाजपा संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। युवाओं की भागीदारी बढ़ाकर संगठन को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान के विजन और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को लेकर जनता के बीच जाने का आह्वान किया। बैठक में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निकाय चुनाव में भाजपा को मजबूत एवं निर्णायक जीत दिलाने का संकल्प लिया। पार्टी नेतृत्व ने कहा कि सरकार की उपलब्धियों, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर नगर निकायों में भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी। डबल इंजन सरकार के साथ नगर निकायों में ट्रिपल इंजन की ताकत से राजस्थान के विकास को और गति देने का दावा किया गया।

## चुनाव की हलचल बढ़ी, बैठकों का दौर भी शुरू

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** नगरपालिका चुनावों की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद नगरपालिका लोसल के चुनाव की तैयारियां एवं एकाएक हलचल बढ़ गई है। चुनाव को नजदीक देखकर पार्टियों की बैठक करने का दोर शुरू हो गया है तो आमजन में भी इस चुनाव को लेकर रोचकता बढ़ने लगी है। कार्यकर्ताओं के बीच पार्टियों के पदाधिकारी बैठक में शामिल होकर चुनाव की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। कार्यकर्ताओं से चुनाव के संबंध में बातचीत साझा की जा रही है। भाजपा ने भी पार्षद का चुनाव लड़ने वाले कार्यकर्ताओं से आवेदन पत्र मांगने पर दावेदारों के आवेदन पहुंचने शूरू हो गया है। कांग्रेस की पटवारी कोटेज में विधानसभा प्रभारी प्रीति मेघवाल, जिलाध्यक्ष सुनिता गठाला, जगदीश दानोदिया की मौजूदगी में नगरपालिका चुनाव की बैठक हुई जिसमें वक्ताओं ने एकजुट होकर लोसल नगरपालिका में कांग्रेस की सरकार बनाने का आह्वान किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि नगरपालिका चुनाव में हम सब एकजुट होकर मेहनत करेंगे जिससे शहर की सरकार बनाकर कांग्रेस यहां पर हैट्रिक लगा सके। बैठक में पार्षद टिकट देने के मामले में चर्चा की गई उसके बाद यह तय किया गया कि वार्ड स्तर पर दावेदारों की समीक्षा कर सबकी सहमति से उम्मीदवार का चयन किया जाएगा जो पार्षद का चुनाव जीत सके। नगरपालिका चुनाव में तीस हजार से ज्यादा मतदाता हैं। जानकारी के अनुसार पुरुष 15729 एवं महिला की संख्या 14767 है।

## सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल में प्रिंस एकेडमी फाइनल में



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जोधपुर में आयोजित हो रही सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रिंस एकेडमी की टीमों का शानदार प्रदर्शन जारी है। अंडर-14 छात्र वर्ग में प्रिंस एकेडमी ने आर्मी पब्लिक स्कूल, जोधपुर को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इसी प्रकार अंडर-17 में प्रिंस एकेडमी ने टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, सीकर को 3-1 से तथा अंडर-19 में डीवीपी स्कूल, डूंडलोद को 3-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, प्रबंध निदेशक एम आर अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान एवं खेल प्रभारी गिरीश चौहान ने विजेता खिलाड़ियों व अभिभावकों को बधाइयां व शुभकामनाएं दी।

## पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत किया पौधरोपण



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के तत्वावधान में चलाए जा रहे पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत अणुव्रत समिति द्वारा स्थानीय संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में मेरा पौधा-अणुव्रत के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास के मुख्य आतिथ्य व जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ के सान्निध्य में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाते हुए पौधरोपण एवं वितरण किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व्यास ने पर्यावरण जागरूकता अभियान को वर्तमान की आवश्यकता बताते हुए अधिकाधिक पेड़ लगाकर उनके पोषण और संरक्षण का आह्वान किया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने समिति द्वारा जन जागरण हेतु संचालित विविध गतिविधियों की जानकारी दी। विद्यालय प्राचार्य शरद कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण जागरूकता अभियान में सहयोग का संकल्प कराया। विद्यालय के जिन 50 भैया-बहनों के द्वारा संकल्प लिया गया उन्हें पर्यावरण प्रभारी कृपाशंकर स्वामी की देखरेख में अशोक, गुलमोहर जैसे पौधे उपयुक्त स्थान पर लगाने के लिए वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति के सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य, नंद किशोर ताम्रायत, मनोज सैनी, राधा शर्मा, अनीता सेन, प्रियंका शर्मा आदि उपस्थित थे।

## देवराज सिंह पलाड़ा को न्याय दिलाने की मांग, ज्ञापन सौंपा



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सहभागी राजपूत परिवार मंच ने एसडीएम की मार्फत उच्चाधिकारियों एवं सरकार को ज्ञापन भेजकर 3 अगस्त को जयपुर में पुलिस प्रशासन की बर्बरतापूर्ण कार्यवाही में वाटर कैनन के तेज प्रहार से देवराज सिंह पलाड़ा की हत्या का आरोप लगाया है। ज्ञापन में बताया कि शांति पूर्ण तरीके से प्रदर्शन में शामिल युवक के बलिदान से सम्पूर्ण राजस्थान के सभी समाजों में रोष व्याप्त है। तथाकथित रूप से राजस्थान सरकार द्वारा उसके परिवार को 21 लाख रुपए का नगण्य मुआवजा प्रदान किया गया है। परिवार को 1 करोड़ रुपए का आर्थिक मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी प्रदान करने, दोषी पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर उन पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग रखी गई वहीं राजस्थान सहित समस्त भारत देश में सामाजिक, धार्मिक सौहार्द बनाने के लिए एससी/एसटी, मूल ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, मुस्लिम सहित सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों के हितों को सुरक्षित रखने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन में बताया कि लोकतांत्रिक चुनावों में इन वर्गों को मजबूत करने के लिए लगातार और सकारात्मक प्रयास किए जाने चाहिए। राजस्थान सहित भारत देश में शिक्षा, सरकारी नौकरी और लोकतांत्रिक चुनावों में ओबीसी वर्ग का वर्गीकरण किया जाना आवश्यक बताया।

# आरक्षण सुधार को लेकर राष्ट्रीय करणी सेना का अनिश्चितकालीन धरना आज से

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आरक्षण व्यवस्था में सुधार, समान अवसर और पारदर्शिता की मांग को लेकर राष्ट्रीय करणी सेना अब दिल्ली में आंदोलन करने जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत के नेतृत्व में 21 अगस्त से नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। गुरुवार को चित्रकूट स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में आंदोलन की तैयारियों को अंतिम रूप देकर जत्थे को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेन्द्र सिसोदिया ने बताया कि शिव सिंह शेखावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में करणी सैनिकों और सर्व समाज के गणमान्य लोगों का काफिला दिल्ली के लिए रवाना हुआ। रवानगी से पूर्व क्षत्राणियों ने तिलक लगाकर जत्थे को शुभकामनाएं दीं।

इससे पहले कार्यालय में आयोजित बैठक में आंदोलन की रणनीति और रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। शिव सिंह शेखावत ने कहा कि संसद, विधानसभा और निकाय चुनावों में आरक्षण का लाभ एक बार प्राप्त कर चुके व्यक्तियों के स्थान पर उसी वर्ग के नए और वास्तविक जरूरतमंदों को अवसर मिलना चाहिए। इससे लोकतंत्र में व्यापक भागीदारी बढ़ेगी। जिलेवार भूखमरी, कुपोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के वास्तविक आंकड़ों के आधार पर नीतियां और बजट तय करने की मांग की गई। शिव सिंह शेखावत ने स्पष्ट किया कि जंतर-मंतर पर यह आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण रहेगा। इसमें सर्व समाज, युवा और मातृशक्ति शामिल होकर आरक्षण सुधार और पारदर्शिता के लिए आवाज बुलंद करेंगे।

## भाषण प्रतियोगिता प्रियंका चंदेलिया ने जीती



श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** अंत्योदय नगर स्थित रमेश इंग्लिश स्कूल में गुरुवार को हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रियंका चंदेलिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सिया कसवां दूसरे और दीक्षिता रंगा तीसरे स्थान पर रही। तेजस मारू, वनिता स्वामी और खुशी सारस्वत को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का विषय सद्भावना से देश कैसे आगे बढ़ सकता है ? रहा। इसमें स्टूडेंट्स ने विभिन्न तथ्यों और उदाहरणों के माध्यम से अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अतिथि एवं निर्णायक साहित्यकार मनीषा आर्य सोनी ने कहा कि जो लोग आदर्श की बात करते हैं, उन्हें उन आदर्शों को अपने जीवन में भी आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सद्भाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि वह व्यक्ति के व्यवहार में भी दिखाई देना चाहिए। साहित्यकार मोनिका गौड़ ने कहा कि स्टूडेंट्स को स्कूली पाठ्यक्रम की किताबों के साथ साहित्य का भी अध्ययन करना चाहिए, ताकि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएं। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन कुछ न कुछ लिखने की आदत विकसित करने की सीख दी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेश बिश्नोई ने स्टूडेंट्स से स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि जीवन में जब अच्छा देखेंगे तो अच्छा ही मिलेगा। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से योग करने के लिए भी प्रेरित किया। स्कूल प्राचार्य सेनुका हर्ष ने कहा कि स्टूडेंट्स को हर दिन कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि स्कूल में हर साल इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का अवसर देने के उद्देश्य से किए जाते हैं। कार्यक्रम का संयोजन हिंदी व्याख्याता सविता जोशी ने किया।

# अरुण और सुनिकेत ने गौसेवा कार्य कर मनाया जन्मदिन

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** दिवराला ग्राम पंचायत की मुरली जोहड़ी स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में गौशाला प्रबंधन अध्यक्ष एवं राधाकृष्ण मंदिर संत किशनदास महाराज के सान्निध्य एवं सद्प्रेरणा से सुनिकेत शर्मा पुत्र सुशील कुमार शर्मा और अरुण शर्मा पुत्र कृपाशंकर शर्मा ने अपना-अपना जन्मदिन अनूठे अंदाज में मनाया। सुनिकेत शर्मा ने अपने जन्मदिन पर 2 पेड़ श्रीकृष्ण गौशाला परिसर में लगाए और 3 पेड़ श्मशान स्थल पर लगाए। श्रीकृष्ण गौशाला में गौवंश हेतु 50 किलोग्राम दलिया दिया तथा श्रीकृष्ण गौशाला में चल रहे निर्माण कार्य हेतु 5 सीमेंट के कट्टे देकर एक अनुकरणीय पहल की। वहीं अरुण शर्मा एनएसयूआई प्रदेश महासचिव ने गौवंश खातिर 50 किलोग्राम दलिया, 10 किलोग्राम शक्कर एवं रुपये 11 सौ नकद देकर प्रेरणादाई पहल की।

श्रीकृष्ण गौशाला प्रबंधन अध्यक्ष एवं राधाकृष्ण मंदिर के संत किशनदास महाराज के नेतृत्व में श्रीकृष्ण गौशाला कार्यकारिणी ने दोनों सेवाभावी युवकों का माला पहनाकर, साफा बंधवाकर एवं जन्मदिन केक कटवाकर जन्मदिन सेलेब्रेट किया। इस जन्मदिन समारोह के अनूठे अवसर पर किशनदास महाराज, जयसिंह शेखावत, कृपाशंकर शर्मा, सुशील शर्मा, ओमपाल सिंह शेखावत, गोपाल यादव, गोपाल सैनी, अनिल सैनी, पूर्व सरपंच गंगाराम सैनी, वर्तमान सरपंच रामावतार सैनी लाठा, पूर्व सरपंच शंकर सिंह शेखावत सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गाजे-बाजे के साथ निकली कावड़ एवं कलश यात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** न्यू वीर तेजाजी नवयुवक मंडल के तत्वावधान में पंचम कावड़ एवं कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। भक्तिमय माहौल में गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने भाग लिया। मंडल अध्यक्ष सौरभ कटारिया ने बताया कि कावड़ एवं कलश यात्रा पवित्र गलता तीर्थ से पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बजरंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यात्रा में हनुमानजी और भगवान शिव की भव्य एवं आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। इस धार्मिक आयोजन के दौरान सुमित शर्मा, दीपक सैनी, मोहित सैनी, मोहन गुर्जर और हेमंत जांगिड़ सहित मंडल के अनेक कार्यकर्ता व्यवस्थाएं संभालने और यात्रा को सफल बनाने में जुटे रहे।

## प्रतिभाओं व भामाशाहों का किया सम्मान



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी आशा में एसडीएमसी सदस्य गोपीराम कस्वा की अध्यक्षता में प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ में भामाशाह परमेश्वरलाल, बीरबलराम, जयचन्द, ओमप्रकाश, रामचंद्र, रामनिवास, डॉ विजय पचार, मोतीराम सिंहमार, जवाहरलाल कस्वा, रूघाराम राहर, बेगाराम छाबड़ा, हरि राम सहारण, भजन सिंह पचार, मनीराम, महावीर यादव, पूर्व सरपंच नौरंगलाल, रूघाराम, उदय सिंह, फूलाराम प्रजापत आदि को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ में शारीरिक व्यायाम डंबल आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। भामाशाह रामनिवास धीनवाल ने स्कूल स्टाफ के सहयोग से बोर्ड परीक्षा 10 ओर 12 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को हवाई यात्रा की विद्यालय परिवार के सहयोग से करवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में काशीराम, नंदलाल, मोहनराम, गोपीराम, उदाराम, हीरालाल सूबेदार, मनोज कुमार कसवा, दीपचन्द, शेर सिंह, बनवारीलाल, फूलाराम, गुगानराम, ताराचंद कस्वां, मंगलाराम मीणा, इन्द्राज, लालचंद भगत, नरेंद्र कुमार, मोहन लाल, ओमप्रकाश धीनवाल, सुगनाराम धीनवाल, पूर्णाराम महला, प्रदीप गोदारा, अनिल कुमार सहारण, रामनाथ, विजयपाल आदि मौजूद थे। प्रधानाचार्य बलवंत सिंह सिंहमार ने आगंतुकों का आभार जताया। संचालन कुलदीप गौड़ और श्रवण कुमार ने किया।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत के दो माह बाद भी कार्रवाई नहीं, नगरपालिका बनी मूकदर्शक

प्रदीप सैनी

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 04, दांता में सरकारी भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। अतिक्रमण को लेकर शिकायत किए करीब दो माह बीत जाने के बाद भी नगरपालिका की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप है। प्रशासन की कथित उदासीनता को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है।

### दो माह से धूल फांक रही शिकायत

शिकायतकर्ता के अनुसार, दांता नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 04 में पटवारी हल्का दांता के खसरा नंबर 2005 की 0.1000 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया हुआ है। इस संबंध में करीब दो माह पूर्व संबंधित नगरपालिका अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि शिकायत के बाद अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन दो माह बीत जाने के बावजूद मौके पर किसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में शिकायत अब भी लंबित पड़ी हुई है।

### सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद कार्रवाई नहीं

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर सरकार की ओर से सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

### उच्चाधिकारियों तक पहुंचा मामला

नगरपालिका स्तर पर कार्रवाई नहीं होने के बाद शिकायतकर्ता ने मामले को उच्च अधिकारियों के समक्ष भी उठाया। इस संबंध में उपखंड अधिकारी दांतारामगढ़, तहसील कार्यालय दांतारामगढ़ और जिला कलेक्टर सीकर को शिकायत दी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार जिला कलेक्टर सीकर को शिकायत दिए जाने के बाद भी नगरपालिका दांता की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद सतर्कता विभाग ने 13 जुलाई को नगरपालिका दांता को दोबारा रिमाइंडर भेजकर मामले में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा, लेकिन इसके बावजूद पालिका की ओर से मामले में अपेक्षित संज्ञान नहीं लिया गया।

### आश्वासन तक सीमित कार्रवाई

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वे मामले को लेकर बार-बार संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक केवल कार्रवाई का आश्वासन ही मिल रहा है। उनका आरोप है कि एक तरफ सरकार सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर सख्त निर्देश जारी कर रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार विभाग कथित तौर पर मामले की अनदेखी कर रहे हैं। अब शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि खसरा नंबर 2005 की भूमि की मौके पर जांच करवाकर अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट की जाए तथा यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए।

# विशेष संयोग में सावन की दुर्गाष्टमी पर की शिव-शक्ति की आराधना

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी गुरुवार को मासिक दुर्गाष्टमी के रूप में मनाई गई। श्रद्धालुओं ने आदिशक्ति के साथ भगवान शिव और माता पार्वती की संयुक्त आराधना की। श्रद्धालुओं ने सुबह स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण कर व्रत का संकल्प लिया। पूजा स्थल की सफाई कर लकड़ी की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर मां दुर्गा की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित की। भक्तिभाव से माता को रोली, अक्षत, सिंदूर, लाल चुनरी और श्रृंगार सामग्री अर्पित की। लाल कनेर और गुड़हल के फूल चढ़ाकर घी का दीपक जलाया। फल, मेवे, हलवे या खीर का भोग लगाया। मंत्र का जाप करने के साथ दुर्गा चालीसा या दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। आरती कर परिवार के कल्याण की प्रार्थना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दुर्गाष्टमी पर व्रत रखकर मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से जीवन के संकट दूर होते हैं तथा घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। सुबह से ही मंदिरों और घरों में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने देवी मंत्रों का जाप, दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।

## ट्रेन के आगे छलांग लगाकर युवक ने की आत्महत्या

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चौमूं थाना इलाके में एक 27 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। आत्मघाती कदम उठाने से पहले युवक ने करीब एक मिनट का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में उसने अपनी मौत के लिए कथित तौर पर माता-पिता और भाई को जिम्मेदार बताया है। पुलिस वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है। जीआरपी की एएसआई संतोष के अनुसार मृतक विकास कौशिक झुंझुनू के बुहाना गांव का रहने वाला था और चौमू क्षेत्र के एक होटल में काम करता था। उसने आत्महत्या से पहले वीडियो बनाया। वीडियो की जानकारी मिलने पर परिजनों ने चौमूं थाने में शिकायत दी। पुलिस के मुताबिक वीडियो बनाने के करीब आधे घंटे बाद विकास ने चौमू के पाच्यांवाली ढाणी अंडरपास के पास ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि वह कुछ देर रेलवे ट्रैक पर बैठा रहा और ट्रेन आते ही उसके आगे कूद गया।

# पौधों को पानी देते समय करंट लगा, युवक की मौत

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नंबर 5 में खोखरा की ढाणी में गुरुवार सुबह पौधों को पानी देते समय करंट लगने से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान देशराज सिंह बिजारणियां के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार देशराज सुबह करीब 6 बजे घर पर सब्जी की क्यारी में लगे पौधों को पानी दे रहा था। इसी दौरान पानी की मोटर का बिजली का तार नीचे पड़ा था, जिसमें कट लगा हुआ था। नंगे पैर होने के कारण देशराज का पैर कटे तार पर पड़ गया और वह करंट की चपेट में आकर अचेत होकर गिर गया। परिजन उसे तत्काल राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। मृतक के ताऊ झाबर सिंह ने बताया कि देशराज पिछले करीब पांच महीने से रींगस स्थित इंडिया शेल्टर फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन का काम कर रहा था। उसकी शादी करीब तीन वर्ष पहले हुई थी। एएसआई सांवरमल जाखड़ ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# 31 साल बाद 12वीं बैच के दोस्त कल मिलेगें कॉपर



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी की पूर्व केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में 1995 में कक्षा 12वीं में पढ़ाई करने वाले सहपाठियों का पुनर्मिलन समारोह का आयोजन 22 अगस्त शनिवार को दिनबंधु मैरिज पेलेस में होगा। विद्यालय के पूर्व छात्र रमेश कुमार यादव, रोहिताश खेदड़, सुरेश सैनी, सुनिता छिछोलिया, शमशेर खां, अनिता शर्मा ने व्यवस्था देखी। उन्होंने बताया कि दिनबंधु मैरिज पैलेस में शनिवार सुबह दस बजे 31 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 के सहपाठीयों का पुनर्मिलन समारोह में देश के विभिन्न शहरों केरला, झांसी, जहानाबाद, दरभंगा, रांची, झारखंड, दिल्ली, जयपुर, बैंगलोर, हैदराबाद, बिहार, मुबंई, कोटा, अजमेर, यूपी, महाराष्ट्र, एमपी आदि प्रदेशों व विदेश में अपनी छाप छोड़ने वाले सहपाठी इस ऐतिहासिक महाकुंभ में शामिल होंगे। बचपन से अब तक के अपने अपने जीवन के मीठे, कड़वे अनुभव एक दूसरे से सांझा करेंगे। इसके साथ ही अपनी स्कूल की यादों के झरोखे में इतने साल के लंबे अंतराल के बाद अपने सहपाठियों से मिलना एक सुखद अनुभूति का अहसास कराएगा। समारोह से पूर्व सभी सहपाठी स्कूल का भ्रमण करेगें साथ ही पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। समारोह के दौरान सभी सहपाठी 31 साल बाद एक साथ जमा होने पर वह अपनी बचपन की यादों को ताजा कर एक अलग अनुभव महसुस करेंगे।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं-बालिकाओं को रोडवेज की सौगात

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं और बालिकाओं को रोडवेज बसों में दो दिन नि:शुल्क यात्रा की सौगात दी है। राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार 28 और 29 अगस्त को राजस्थान रोडवेज की साधारण और एक्सप्रेस बसों में राजस्थान की सीमा के भीतर महिलाओं और बालिकाओं को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। यात्रा के दौरान परिचालक महिलाओं और बालिकाओं को नि:शुल्क यात्रा टिकट जारी करेंगे।

यह सुविधा 27 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे से 30 अगस्त की मध्यरात्रि 11:59 बजे तक लागू रहेगी। हालांकि वातानुकूलित, वॉल्वो और अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्र पर संचालित बसों में यह सुविधा लागू नहीं होगी। राजस्थान से बाहर की यात्रा के लिए निर्धारित किराया देना होगा। रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए सिंधी कैंप सहित प्रमुख बस स्टैंडों पर विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। महिला यात्रियों को बसों में व्यवस्थित तरीके से बैठाने के लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, ताकि लंबी कतारों और भीड़ के बीच उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े।

# स्कूलों की बदहाली पर कांग्रेस का हल्लाबोल : जूली के नेतृत्व में निकला विधानसभा तक पैदल मार्च

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले दिन गुरुवार को सरकारी स्कूलों की बदहाली और स्कूलों में मीडिया व आमजन के प्रवेश पर कथित रोक के मुद्दे पर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों और कार्यकर्ताओं ने त्रिमूर्ति सर्किल से विधानसभा तक करीब तीन किलोमीटर पैदल मार्च निकाला। विधायकों ने बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और स्कूलों में लगाए गए प्रतिबंध वापस लेने की मांग की। मार्च त्रिमूर्ति सर्किल से अंबेडकर सर्किल, रामबाग और अमर जवान ज्योति होते हुए विधानसभा पहुंचा। पश्चिमी द्वार पर



प्रवेश के दौरान कांग्रेस विधायकों की सुरक्षा कर्मियों से नोकझोंक हुई। गेट बंद किए जाने पर विधायक वहीं धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के चलते त्रिमूर्ति, अंबेडकर और रामबाग सर्किल पर यातायात प्रभावित हुआ और कार्यालय जाने वाले लोगों को परेशानी हुई।

### जूली बोले- डेढ़ लाख पद खाली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि सरकार स्कूलों की बदहाली छिपाने के लिए प्रतिबंध लगा रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में करीब डेढ़ लाख शिक्षकों के पद खाली हैं, 3,768 स्कूल जर्जर हैं, 85 हजार कमरे क्षतिग्रस्त हैं और 72 हजार स्कूलों में केवल एक शिक्षक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर स्कूल में जाकर उसकी स्थिति जनता के सामने रखेगी और शिक्षा के मुद्दे पर सदन के अंदर-बाहर सरकार को घेरेगी।

### पायलट ने जताई बच्चों की सुरक्षा पर चिंता

धरने में शामिल पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि सरकार को स्कूलों की सच्चाई सामने आने से रोकने की बजाय भवनों की मरम्मत और बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान जर्जर स्कूल भवनों में बच्चों की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय है। कई जगह छत गिरने की घटनाएं सामने आई हैं और पिछले वर्ष भी बच्चों की मौत हुई थी। उन्होंने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की जवाबदेही तय करने और मुख्यमंत्री से तत्काल कदम उठाने की मांग की। पायलट ने भाजपा पर शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस निकाय और पंचायत चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव में जानबूझकर देरी की जा रही है और आरक्षण लॉटरी भी टाली गई है। कांग्रेस के मार्च में बड़ी संख्या में विधायक और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मार्च में नजर नहीं आए जबकि सचिन पायलट बाद में विधानसभा के बाहर धरने में शामिल हुए। विधानसभा सत्र के पहले ही दिन शिक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस के तेवरों से सदन में भी हंगामे के आसार हैं।

# खेल मैदान पर वृक्षारोपण के नाम पर अतिक्रमण, युवाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के ककराय गांव के खेल मैदान में वृक्षारोपण के नाम पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए गांव के युवाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा खिलाड़ियों के लिए खेल सुविधाएं बहाल करने की मांग की। ग्रामीण संजय मीणा के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचे युवाओं ने बताया कि ककराय के खेल मैदान में क्षेत्र के युवा नियमित रूप से खेल अभ्यास करते हैं। विशेष रूप से कई युवा सेना, पुलिस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की शारीरिक दक्षता



परीक्षा की तैयारी के लिए मैदान में दौड़ का अभ्यास करते हैं। युवाओं के लिए मैदान में बनाए गए दौड़ ट्रैक पर कथित तौर पर वृक्षारोपण के नाम पर जगह-जगह गड्ढे खोद दिए गए हैं। युवाओं का आरोप है कि पौधरोपण के लिए किए गए गड्ढों के कारण दौड़ ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे दौड़ का अभ्यास करने वाले युवाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। युवाओं ने कहा कि वे वृक्षारोपण के विरोध में नहीं हैं बल्कि उनकी मांग है कि पौधरोपण इस तरह किया जाए कि खेल मैदान और दौड़ ट्रैक की उपयोगिता प्रभावित न हो। ज्ञापन में युवाओं ने प्रशासन से खेल मैदान की स्थिति का मौका निरीक्षण करवाने, अतिक्रमण हटाने तथा दौड़ ट्रैक को पूर्व स्थिति में बहाल कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए खेल मैदान महत्वपूर्ण सुविधा है और इसे सुरक्षित रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। एसडीएम सुनील कुमार चौहान ने युवाओं से ज्ञापन लेकर उनकी समस्याओं को सुना तथा मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। युवाओं ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई। इस मौके पर राजवीर मीणा, प्रदीप कुमार, योगेश कुमार, पवन कुमार, कपिल, मनोज कुमार, रोहित, अंकित, सचिन, लोकेश, रामकिशन, तुलसीराम, रामसिंह, महेंद्र कुमार, प्रशांत सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# निकाय चुनाव में टिकट के लिए कांग्रेस में दौड़ तेज

## नेताओं के घर बायोडाटा लेकर पहुंच रहे दावेदार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में निकाय चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही कांग्रेस में टिकट के लिए दावेदारों की दौड़ तेज हो गई है। 27 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और 31 अगस्त अंतिम तिथि है। ऐसे में प्रत्याशियों के चयन को लेकर पार्टी में मंथन का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के आवास पर दावेदार बायोडाटा लेकर पहुंच रहे हैं। विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, सांसद प्रत्याशी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के यहां भी टिकट के इच्छुक कार्यकर्ता अपनी दावेदारी जता रहे हैं। कार्यकर्ता पार्टी के प्रति निष्ठा, लंबे समय से किए जा रहे काम और क्षेत्र में सक्रियता को आधार बनाकर टिकट मांग रहे हैं।

गुरुवार को डोटासरा और पायलट के आवास पर भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राजस्थान से बाहर होने के कारण उनसे मिलने पहुंचे दावेदारों को मायूस लौटना पड़ा। निकाय चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस की ओर से पहली बार ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। अब तक प्रदेशभर से 5 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

# प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सामाजिक चिंतन शिविर को लेकर पीले चावल वितरित

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** हम कामगार समाज शाखा राजलदेसर की ओर से 23 अगस्त को माली-सैनी समाज संस्थान भवन में तहसील स्तरीय सामाजिक चिंतन शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह को लेकर समाज के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं तथा पालिका क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं की ओर से विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर पीले चावल बांटकर समाजबंधुओं को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है।

वहीं प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं युवाओं की अंक तालिकाएं भी एकत्रित की जा रही हैं, ताकि समारोह में शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा सके। समारोह का उद्देश्य समाज में शैक्षणिक जागरूकता, सामाजिक एकता, सकारात्मक चिंतन और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना है। आयोजन को लेकर समाजबंधुओं में उत्साह का माहौल है और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। हम कामगार समाज रतनगढ़ अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल, राजलदेसर अध्यक्ष जयचंद महावर एवं सचिव लालचंद कुचेरिया मास्टर के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें जनसंपर्क अभियान में सक्रिय हैं। टीम में श्रवण कुमार सोढ़ा, दोलतराम दायमा, जगदीश प्रसाद माणधणिया, बाबूलाल माली,



लालदास स्वामी, भंवर लाल अड़ावलिया, पूर्णमल सांगवाल, हेमराज माली, पवन तंवर सहित अनेक समाजबंधु एवं कार्यकर्ता शामिल हैं। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। आयोजन में सामाजिक विषयों पर चिंतन, समाज के विकास को लेकर विचार-विमर्श तथा प्रतिभाओं का सम्मान प्रमुख आकर्षण रहेगा।


## 🙏 श्रद्धांजलि सभा 🙏

अत्यंत दु:ख एवं भारी मन से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय पिता **श्री नारायण सिंह जी** का स्वर्गवास दिनांक 19.08.2026 को हो गया। दिवंगत आत्मा की शांति एवं मोक्ष के लिए "श्रद्धांजलि सभा" का आयोजन किया गया है।



**दिनांक:** 21.08.2026 (शुक्रवार)

**समय:** सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**स्थान:** नारायण निवास, चित्रकूट कॉलोनी, सांवली, सीकर।

विनम्र निवेदन है कि श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें एवं शोकाकुल परिवार को शक्ति प्रदान करें।

ॐ शांति 🙏

शोकाकुल:
- रंजीत सिंह सुपुत्र
- विनय सिंह
- अभिषेक सिंह
- रोहिताश सिंह
- सह परिवार

7014755753
8239444922
7665567999


# एआईएरोबोटिक्स और वीआर से बदलेगी नर्सिंग की तस्वीर

## जयपुर में जुटेंगे 10 से अधिक देशों के विशेषज्ञ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नर्सिंग शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से 5 और 6 सितंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में ग्लोबल नर्सिंग समिट-2026 आयोजित होगा। आरएच हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से एनटीएआई-राजस्थान के सहयोग से होने वाले इस दो दिवसीय आयोजन में 10 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल होंगे। आयोजकों ने 1500 से अधिक फिजिकल तथा 5000 से अधिक लाइव/ऑनलाइन प्रतिभागियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

समिट चेयरपर्सन डॉ राहुल शर्मा, प्रोग्राम सेक्रेटरी पुरुषोत्तम कुंभज, संयोजक महेश शर्मा और कोषाध्यक्ष डॉ विष्णु सोनी ने जानकारी दी कि हेल्थकेयर तेजी से टेक्नोलॉजी आधारित हो रहा है। ऐसे में नर्सिंग क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी, एडवांस्ड क्लिनिकल सिमुलेशन, इनोवेशन और लीडरशिप जैसी तकनीकों का ज्ञान जरूरी है। उन्होंने कहा कि एआई और रोबोटिक्स नर्स का विकल्प नहीं बल्कि उनकी क्लिनिकल स्किल, निर्णय क्षमता और मरीजों की देखभाल को मजबूत करने वाले साधन हैं। समिट में तकनीक को केवल प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं रखा जाएगा। प्रतिभागियों को ह्यूमनॉइड रोबोट, रोबोट डॉग, वीआर, होलोग्राफिक डिस्प्ले, एआई और एडवांस्ड हेल्थकेयर सिमुलेशन का लाइव अनुभव कराया जाएगा। वीआर और सिमुलेशन के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों, क्लिनिकल स्थितियों और विभिन्न नर्सिंग कौशल की ट्रेनिंग को अधिक प्रभावी बनाने के तरीके प्रदर्शित किए जाएंगे। समिट में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाली नर्स अंजलि कुलथे से मिलने और उनके अनुभव सुनने का अवसर भी मिलेगा। इसके अलावा नर्सिंग एवं हेल्थकेयर क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए पद्मश्री से सम्मानित शांति टेरेसा लकड़ा की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा समिट में 10 से अधिक देशों के इंटरनेशनल डेलीगेट्स और विशेषज्ञ शामिल होंगे। इससे भारतीय नर्सिंग प्रोफेशनल्स, शिक्षकों और विद्यार्थियों को ग्लोबल नर्सिंग प्रैक्टिस, रिसर्च, टेक्नोलॉजी, लीडरशिप और इंटरनेशनल नेटवर्किंग का अवसर




मिलेगा। समिट में भाग लेने वाले पात्र नर्सिंग प्रोफेशनल्स को राजस्थान नर्सिंग काउंसिल की ओर से 10 क्रेडिट पॉइंट दिए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम कंटीन्यूइंग नर्सिंग एजुकेशन और प्रोफेशनल डेवलपमेंट की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहेगा। 5 सितंबर को पेपर और पोस्टर प्रेजेंटेशन, ग्रुप डिस्कशन तथा पैनल डिस्कशन सहित विभिन्न अकादमिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियां होंगी। 6 सितंबर को मुख्य ग्लोबल कॉफ्रेंस आयोजित होगी। इसमें एआई इन नर्सिंग, हेल्थकेयर में रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी, इनोवेशन, लीडरशिप और सिमुलेशन आधारित नर्सिंग एजुकेशन जैसे विषयों पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। समिट में एग्जीबिशन, मेडिकल क्विज, सिमुलेशन एक्टिविटीज, नेशनल लेवल अवॉर्ड्स एवं रिकग्निशन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। प्रोग्राम सेक्रेटरी पुरुषोत्तम कुंभज ने कहा कि नर्स किसी भी हेल्थकेयर सिस्टम की रीढ़ है। समिट का उद्देश्य नर्सिंग प्रोफेशनल्स, शिक्षकों और विद्यार्थियों को ऐसा मंच देना है, जहां उनकी प्रतिभा और आवाज को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिले। संयोजक महेश शर्मा ने बताया कि देशभर के नर्सिंग संस्थानों, फैकल्टी, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को अकादमिक गतिविधियों से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। कोषाध्यक्ष डॉ विष्णु सोनी ने बताया कि देश-विदेश से आने वाले प्रतिभागियों की सुविधा के लिए आयोजन समिति व्यापक व्यवस्थाएं कर रही है। आयोजकों ने नर्सिंग प्रोफेशनल्स, प्रिंसिपल्स, शिक्षकों, फैकल्टी, नर्सेस, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190